RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्षः 11 अंकः 43 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ ,मंगलवार, 11 अगस्त 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

# रांची में छात्रों का हंगामा

## झारखंड विधानसभा कैंपस में घुसे आंदोलनकारी छात्र, बैरिकेडिंग तोड़ी

### पुलिस ने लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले दागे, जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष गिरफ्तार

**रांची**

झारखंड के रांची में जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा में धांधली के खिलाफ बैरिकेडिंग तोड़ हजारों की संख्या में छात्र विधानसभा कैंपस पहुंच गए। कैंपस में छात्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। इस दौरान कई बार पुलिस और छात्रों के बीच झड़प की नौबत आई। दो से तीन बार लाठीचार्ज करना पड़ा। इसमें कुछ छात्रों के सिर पर चोटे आई हैं। प्रदर्शनकारियों ने जवाब में पानी की बोतल और चप्पलें फेंकीं। हजारों की संख्या में छात्र सुबह 10 बजे ओल्ड विधानसभा के पास एकत्रित हुए और फिर विधानसभा के घेराव के लिए निकले। पुलिस ने इन्हें रोकने के लिए कंटीले तार की बैरिकेडिंग कर रखी थी। 6 लेयर की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। पुलिस ने जैसे ही वाटर कैनन का इस्तेमाल किया छात्र बैरिकेडिंग पर चढ़कर डांस करते नजर आए। कुछ छात्रों ने राष्ट्रगान गाया। इसके बाद पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी दागे।



### कुछ असामाजिक तत्व है, जिसपर पुलिस कार्रवाई करें

जेपीएससी- जेएसएससी रिफॉर्म फोरम कमेटी के नेता रवींद्र पासवान ने कहा कि हम छात्र शांतिपूर्ण ढंग से अपना विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन कुछ असामाजिक तत्व हैं, जो इस आंदोलन को दूसरी दिशा में ले जाने की कोशिश कर रहे हैं। हम पुलिस से अनुरोध करते हैं कि वे उनकी पहचान करें और उनके खिलाफ कार्रवाई करें। इधर, सीआईडी ने जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष एल ख्यांगते को गिरफ्तार कर लिया है। 21 जुलाई को जेपीएससी ऑफिस में रेड के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। सीआईडी उनसे लगातार पूछताछ कर रही थी। झारखंड पीएससी-एसएससी की परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर 17 दिन से आंदोलन कर रहे हैं। देवेंद्रनाथ महतो समेत 6 छात्र भूख हड़ताल पर हैं। वे एंबुलेंस से विधानसभा घेराव में शामिल हुए। झारखंड विधानसभा घेराव के दौरान पुलिस की ओर से लाठीचार्ज किया गया। घायल एक छात्र मो ने अपनी पीठ पर लगे निशान दिखाए।

### छात्र नेता बोले, यह आंदोलन रुकने वाला नहीं

छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि यह आंदोलन रुकने वाला नहीं है। यह एक जन-आंदोलन बन गया है। 'युवा' शब्द को उल्टा करने पर 'वायु' बनता है और 'वायु' को कोई नहीं रोक सकता।' इस विधानसभा मार्च में छात्रों का दर्द देख सकते हैं। 9 दिन की भूख हड़ताल के बाद भी मैं एंबुलेंस से यहां आया हूं और स्ट्रेचर पर इस मार्च का हिस्सा बना हूं। लेकिन यह सरकार हमारी आवाज दबा रही है और वॉटर कैनन व आंसू गैस के गोले इस्तेमाल कर रही है। यह निंदनीय है। सरकार डरी हुई है। यह कायर सरकार है। सरकार के साथ हमारी 3 दौर की बातचीत हुई है, उन्हें हमारी मांगें पूरी करनी चाहिए। अगर छात्रों की मांगें पूरी नहीं हुईं, तो सीएम पद खतरे में पड़ जाएगा। सरकार हिल जाएगी, यह आंदोलन रुकने वाला नहीं है।

### पूर्व अध्यक्ष की गिरफ्तारी सिर्फ दिखावाः बाबूलाल मरांडी

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स लिखा- जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष एल. ख्यांगते की गिरफ्तारी सिर्फ दिखावा है। हेमंत सरकार विनय चौबे की तरह इन्हें भी बिना चार्जशीट दाखिल किए डिफॉल्ट बेल दिलाकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल देगी। छात्रों की मांग सिर्फ जेपीएससी तक सीमित नहीं है। जेएसएस की सहायक आचार्य, सीजीएल, उत्पाद सिपाही और पीजीटी जैसी परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर धांधली कर नौकरियां बेची गई है। सरकार वास्तव में कार्रवाई करना चाहती है तो जेपीएससी के तीनों सदस्यों के साथ-साथ जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा के दौरान आयोग में जिम्मेदार तत्कालीन अधिकारियों नीरज सिन्हा और सुधीर गुप्ता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के करीबी विनोद की भी गिरफ्तारी करें।

### युवा' शब्द का उल्टा 'वायु' होता है और 'वायु' को कोई नहीं रोक सकताः छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो

छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि इस विधानसभा मार्च में छात्रों का दर्द देखा जा सकता है। 9 दिन की भूख हड़ताल के बाद भी, मैं एम्बुलेंस से यहां आया हूँ और स्ट्रेचर पर इस मार्च का हिस्सा बना हूं। लेकिन यह सरकार हमारी आवाज़ दबा रही है और वॉटर कैनन व आंसू गैस के गोले इस्तेमाल कर रही है। यह निंदनीय है। सरकार डरी हुई है, यह कायर सरकार है। सरकार जब-जब डरती है, तब-तब पुलिस को आगे करती है... हम आगे बढ़ते रहेंगे। सरकार के साथ हमारी 3 दौर की बातचीत हुई है, उन्हें हमारी मांगें पूरी करनी चाहिए। अगर छात्रों की मांगें पूरी नहीं हुईं, तो सीएम पद खतरे में पड़ जाएगा। सरकार हिल जाएगी, यह आंदोलन रुकने वाला नहीं है। यह एक जन-आंदोलन बन गया है। 'युवा' शब्द का उल्टा 'वायु' होता है - और 'वायु' को कोई नहीं रोक सकता।

### पुलिस ने किया हल्का लाठीचार्ज

रांची के ग्रामीण एसपी गौरव गोस्वामी ने कहा कि कुछ छात्र आखिरी बैरिकेडिंग तक पहुंचने की कोशिश की, जहां पहले से धारा 163 लागू था। पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज किया। लाठी का बहुत कम इस्तेमाल किया गया। हम लगातार छात्रों से बात कर रहे हैं। वे अभी शांत हैं और हम उनसे लगातार बातचीत कर रहे हैं। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के विधायक जयराम महतो ने कहा कि यह सरकार की विफलता है। उन्हें छात्रों की मांग मान लेनी चाहिए थी। सरकार ने कई मांगें मानी भी हैं, इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। लेकिन सबसे अहम मांग जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा को लेकर है। इसमें सबसे ज्यादा गड़बड़ियां हुई हैं।

### जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष अरेस्ट

जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष एल ख्यांगते को सीआईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। 21 जुलाई को जेपीएससी कार्यालय में सीआईडी और रांची पुलिस की छापेमारी के बाद चेयरमैन एल ख्यांगते ने इस्तीफा दे दिया था। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने 22 जुलाई को इस्तीफा मंजूर कर लिया था। इसके बाद से उनसे सीआईडी लगातार पूछताछ कर रही थी। छात्रों के समर्थन के लिए महाराष्ट्र से अजय म्हात्रे 'पुष्पा' बनकर पहुंचे। उन्होंने पुष्पा राज की स्टाइल में कहा कि सरकार को छात्रों की डिमांड माननी चाहिए।

### छात्र बोला, पुलिस ने हमारे सिर पर लाठियां बरसाईं

लाठीचार्ज पर एक प्रदर्शनकारी ने कहा, 'पुलिस ने बैरिकेडिंग के पास विरोध कर रहे छात्रों पर बर्बर लाठीचार्ज किया है। लाठी का इस्तेमाल सिर्फ़ कमर के नीचे किया जाना चाहिए, लेकिन उन्होंने हमारे सिर, हाथों, चेहरे और शरीर के बाकी हिस्सों पर भी वार किया। यह सरकार के दोहरे रवैये को दिखाता है।' विधानसभा के पास पुलिस लाठीचार्ज में छात्र के सिर पर चोट आई है। घायल छात्र विक्रम कुमार ने कहा, 'हेमंत सोरेन जी, आपको ऐसा नहीं करना चाहिए था। हम शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे थे। हमने कोई गाली-गलौज भी नहीं की थी। अचानक पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। यह ठीक नहीं है।'

### छात्रों ने तीन पुलिसकर्मियों को कुचल दिया हैः एसपी पारस

रांची सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि 90 फीसदी छात्र शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे हैं , लेकिन 10% किसी की बात नहीं मान रहे हैं। अगर भीड़ में 700-1000 छात्र किसी की बात नहीं सुन रहे हैं, यहां तक कि अपने प्रतिनिधियों की भी नहीं, और उन्होंने बैरिकेडिंग तोड़ दी है। बैरिकेडिंग को धकेलते हुए तीन पुलिसकर्मियों को कुचल दिया है। फिर भी पुलिसकर्मियों ने संयम बरता है। उन्होंने पुलिस बल पर पत्थर भी फेंके हैं। फिर भी, हमने बहुत कम समय के लिए ही सख्ती दिखाई क्योंकि वे सभी छात्र हैं। हम सभी से शांति बनाए रखने और हिंसा न करने की अपील कर रहे हैं।

# मणिपुर हिंसा मामलों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, दो विशेष अदालतें बनाने पर विचार का निर्देश

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मणिपुर और असम की सरकारों समेत अन्य संबंधित अधिकारियों से 2023 में मणिपुर में जातीय हिंसा से जुड़े उन मामलों की सुनवाई के लिए दो विशेष अदालतें बनाने पर विचार करने को कहा, जिनकी जांच सीबीआई और एनआईए कर रही हैं।



### सुप्रीम कोर्ट ने क्या निर्देश दिए?

चीफ जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहन की पीठ ने मणिपुर में हुई जातीय हिंसा से जुड़े मामलों की जांच की स्थिति की जानकारी ली। इसके साथ ही पीठ ने यह भी निर्देश दिया कि जिन मामलों में आरोपपत्र दाखिल हो चुके हैं, उनकी जानकारी एक जगह जुटाई जाए। इससे पीड़ित, उनके परिवार और कानूनी वकील संबंधित दस्तावेज हासिल कर सकेंगे। पीठ ने संबंधित उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को भी इस मामले में अगली सुनवाई से पहले स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने आदेश दिया, अधिकारी दो अलग-अलग विशेष अदालतें बनाने पर विचार करें। इनमें से एक अदालत मणिपुर हिंसा से जुड़े सीबीआई के मामलों और दूसरी एनआईए के मामलों की सुनवाई के लिए हो। उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल अगली सुनवाई से पहले इस संबंध में स्थिति रिपोर्ट पेश करें।

### सीजेआई ने क्या कहा?

सीजेआई ने कहा कि पीठ ने जांच की निगरानी के लिए एक व्यवस्था बनाई है। साथ ही ऐसी जांच से जुड़ी रिपोर्ट्स को लेकर भी निर्देश जारी किए गए हैं। पीठ ने कहा कि ऐसे मामले हैं, जिनमें आरोपपत्र दाखिल किए जा चुके हैं। पीठ ने कहा, अनुरोध किया गया है कि उन मामलों की पूरी जानकारी उपलब्ध कराई जाए, जिसमें संबंधित केस नंबर और कार्यवाही की स्थिति शामिल है। इससे वकीलों और संबंधित परिवारों को रिपोर्ट और कार्यवाही तक पहुंच मिल सकेगी। हम इस अनुरोध को स्वीकार करते हैं और निर्देश देते हैं कि संबंधित जानकारी और रिपोर्ट जुटाकर अदालत के सामने रखी जाए।

### एनआईए के मामलों की सुनवाई विशेष जज कर रहे

पीठ ने कहा, हमने सीबीआई और एनआईए की ओर से जांच किए गए मामलों और उन अदालतों की स्थिति रिपोर्ट पर भी विचार किया है, जहां आरोपपत्र दाखिल किए गए हैं। बताया गया है कि सीबीआई और एनआईए के मामलों की सुनवाई विशेष जज कर रहे हैं। पीठ ने कहा कि उसकी चिंता यह जानने को लेकर है कि क्या ये अदालतें केवल मणिपुर हिंसा से जुड़े सीबीआई और एनआईए के मामलों की सुनवाई कर रही हैं या इनके पास दूसरे मामले भी हैं। इसके बाद पीठ ने अधिकारियों से मणिपुर हिंसा से जुड़े सीबीआई मामलों के लिए एक और एनआईए मामलों के लिए दूसरी अलग विशेष अदालत बनाने पर विचार करने को कहा।

# 'जाति की राजनीति करने वालों का वजूद खत्म'

**बरेली**

भाजपा जातिगत राजनीति नहीं करती है। हर वर्ग की आवाज है। जिसका प्रमाण साल दर साल जनता देख रही है। जाति की राजनीति करने वालों का वजूद खत्म हो रहा है। ये बातें दुग्ध एवं पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को बरेली के विकास भवन में आयोजित मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक के बाद प्रेस वार्ता में कहीं। कैबिनेट मंत्री ने पत्रकार वार्ता में सपा प्रमुख के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अधिकारियों से निराश्रित गोवंशों का ध्यान रखने के लिए कहा। बताया कि प्रदेश में गोवंश के संरक्षण को लेकर वृहद स्तर पर कार्य चल रहा है। प्रदेश के सभी जिलों में गोशालाओं की संख्या बढ़ाने के साथी अन्य संसाधन भी बढ़ाए जाएंगे। हाल ही में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बयान दिया था कि भाजपा सरकार अल्पसंख्यकों की अनदेखी कर रही है। इसी बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए पशुधन मंत्री ने कहा कि जो चोर होते हैं उन्हें सभी चोर नजर आते हैं।

# तिरंगा यात्राः योगी बोले, तिरंगा आन-बान और शान का प्रतीक, पहले कोर्ट में लड़नी पड़ती थी इसे फहराने की लड़ाई

**गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को टाउनहाल से तिरंगा यात्रा की शुरूआत की। यात्रा का शुभारंभ मुख्यमंत्री सुबह 10 बजे नगर निगम परिसर में स्थित रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर पुष्पार्चन के साथ शुरू किया। देशभक्ति और राष्ट्र प्रथम का संदेश देते हुए ये यात्रा लगभग तीन किमी तक जाएगी ,जिसमें सीएम योगी आगे आगे हाथों में तिरंगा लिए देशभक्ति के गानों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। सीएम योगी ने तिरंगा यात्रा टाउनहॉल से शुरू की। यह यात्रा गोलघर चौराहा, गणेश चौराहा, कालीमंदिर, यातायात तिराहा होते हुए रेलवे स्टेशन चौक स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा तक पहुंची। ग्यारह बजे लगभग उन्होंने तिरंगा यात्रा शुरू कर दी थी। यात्रा लेकर 11:35 बजे करीब सीएम योगी रेलवे स्टेशन स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा तक पहुंचेकर वहां समाप्त की। यहां पुष्पार्चन के साथ यात्रा का विराम किया



और गुब्बारा छोड़ा। इसके पहले सीएम योगी ने अपने संबोधन में तिरंगा यात्रा के माध्यम से सभी नागरिकों से अपने अपने घर पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया था। तिरंगा यात्रा से पहले सीएम योगी ने टाउनहाल में जनसभा को संबोधित किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि तिरंगा हमारे आन, बान और शान का प्रतीक है। उन्होंने देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए हर नागरिक से गर्व के साथ तिरंगा फहराने की अपील की। सीएम योगी ने कहा कि अलग-अलग समय में अलग-अलग प्रकार की ध्वज लेकर देश की आजादी को गति दी गई थी। लेकिन आजादी के बाद भी लंबे समय तक तिरंगा हर घर तक नहीं पहुंच सका। मुख्यमंत्री ने कहा, 1947 से लेकर लंबे समय तक कांग्रेस और अन्य दलों की सरकारें भारत के नागरिकों को अपने घर पर तिरंगा फहराने का अधिकार नहीं दे पाईं। उन्होंने आगे कहा, 'हमारा सौभाग्य है कि जिस राष्ट्रध्वज के लिए पहले भारत के नागरिकों को न्यायालय में लड़ाई लड़नी पड़ती थी कि मैं अपने घर में राष्ट्रध्वज लगाना चाहता हूं, वो अधिकार अब मिला है।

# जौहर यूनिवर्सिटीः 38 भवनों के ध्वस्तीकरण आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई टली, अब 13 अगस्त को होगी सुनवाई

**मुरादाबाद**

रामपुर के जौहर यूनिवर्सिटी के 38 भवनों को ध्वस्त करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को होने वाली सुनवाई टल गई। रूट डायवर्जन के कारण दोनों पक्षों के अधिवक्ता कोर्ट में नहीं पहुंच सके। इसके चलते मंडलायुक्त एवं आरडीए अध्यक्ष आंजनेय कुमार सिंह की कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। अब मामले में अगली सुनवाई 13 अगस्त को होगी। जौहर यूनिवर्सिटी के 40 भवनों में से 38 को अवैध मानते हुए आरडीए के उपाध्यक्ष एवं जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने 15 जुलाई 2026 को उन्हें ध्वस्त करने का आदेश जारी किया था। आदेश के बाद यूनिवर्सिटी और ट्रस्ट की ओर से इसे मंडलायुक्त की कोर्ट में चुनौती दी गई। याचिका में ध्वस्तीकरण के आदेश को निरस्त करने की मांग की गई है। चुनौती याचिका के अंगीकरण को लेकर इससे पहले दो बार सुनवाई हो चुकी है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने दोनों पक्षों से अपने-अपने अभिलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत करने को कहा था।

# बढ़ते जा रहे एक्सप्रेसवे के जख्मः एक जगह की मरम्मत पूरी होने से पहले ही दूसरी जगह धंस जाती सड़क, दो लेन बंद

**उन्नाव**

कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे के निर्माण के दौरान अत्याधुनिक तकनीक का प्रयोग किए जाने का खूब ढिंढोरा पीटा गया। जबकि धरातल पर एक बारिश भी यह एक्सप्रेसवे झेल नहीं पाया है। एक जगह पर कर्मचारी मरम्मत कर नहीं पाते हैं, वहीं दूसरी ओर सड़क धंस जाती है। कानपुर-लखनऊ के बीच नवनिर्मित 63



किलोमीटर लंबे एलिवेटेड एक्सप्रेसवे (एनई-6) का 13 जुलाई को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकार्पण किया था। दावा किया गया था कि इस एक्सप्रेसवे के निर्माण में अत्याधुनिक तकनीक का प्रयोग किया गया है। इससे बिना रुके वाहन सवार सीधे लखनऊ से कानपुर के बीच कम समय में सफर कर सकेंगे। हालांकि यह दावा एक माह के अंदर ही टूट गया जब पहली ही बारिश में सड़क धंसना शुरू हुई। वर्तमान में हालत यह है कि एक जगह मरम्मत का काम पूरा हो नहीं पाता है कि दूसरी ओर सड़क धंस जाती है।

### सुरक्षा जाली भी कई स्थानों पर टूटी

एक्सप्रेसवे की एक तरफ सड़क ही नहीं धंस रही है, दूसरी ओर सुरक्षा के लिए लगाई गई किनारों पर जाली भी टूटने लगी हैं। अचलगंज क्षेत्र में जाली टूटकर नीचे भरे पानी में पड़ी नजर आई। इससे यहां पर भी मवेशी भी आसानी से पहुंच रहे हैं।

# सादाबाद में आकाश आनंद की रैली, भाजपा के साथ सपा-कांग्रेस पर भी बोला हमला

**हाथरस**

बसपा ने यूपी विधानसभा चुनाव के लिए अपनी तैयारियों का शंखनाद कर दिया है। बसपा राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद ने 10 अगस्त को सादाबाद के उत्सव गार्डन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने बसपा विधानसभा सादाबाद प्रभारी डॉ अविन शर्मा को सादाबाद विधानसभा से पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया। आकाश आनंद ने केंद्र और राज्य की सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर तीखे हमले किए। उन्होंने सपा और कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा। बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 'अंकल' कहकर संबोधित किया। इस संबोधन पर सफाई देते हुए आकाश आनंद ने कहा कि उनकी उम्र 30 साल है। उन्होंने बताया कि अखिलेश यादव 50 साल के हैं। उन्होंने तर्क दिया कि 50 साल के व्यक्ति को 'वृद्ध अंकल' न कहें तो और क्या कहें। उन्होंने राहुल गांधी की 'संविधान बचाओ' मुहिम पर भी कटाक्ष किया। आकाश आनंद ने कहा कि राहुल गांधी एक किताब लेकर घूमते हैं। वे संविधान की बात करते हैं। लेकिन अगर उस किताब के पन्ने पलट दिए जाएं तो वे खाली मिलेंगे।

### विपक्षी नेताओं पर आकाश आनंद ने किया सीधा हमला

आकाश आनंद ने सपा और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं पर सीधा हमला बोला। उन्होंने अखिलेश यादव और राहुल गांधी को 'अंकल' कहकर संबोधित करने के अपने बयान को उचित ठहराया। आकाश आनंद ने कहा कि यह उम्र के अंतर को दर्शाता है। इसमें किसी भी प्रकार का अनादर नहीं है। उन्होंने राहुल गांधी के 'संविधान बचाओ' अभियान को खोखला बताया। आकाश आनंद ने तर्क दिया कि राहुल गांधी संसद में तो संविधान की बात करते हैं। लेकिन जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकारें हैं, वहां वे वही काम कर रहे हैं जो भाजपा उत्तर प्रदेश में कर रही है। यह आरोप कांग्रेस की कथनी और करनी में स्पष्ट विरोधाभास को उजागर करने का प्रयास था। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि कांग्रेस और भाजपा की नीतियां कुछ मामलों में समान हैं। इससे दोनों दलों की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगता है। आकाश आनंद की यह रणनीति बसपा को एक अलग और विश्वसनीय विकल्प के रूप में प्रस्तुत करने की थी।



### भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियों पर तीखी आलोचना

बसपा नेता आकाश आनंद ने भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियों पर भी कड़ा प्रहार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार एथेनॉल पेट्रोल के नाम पर आम जनता को 110 रुपये में गन्ने का रस बेच रही है। यह टिप्पणी ईंधन की बढ़ती कीमतों और किसानों से जुड़े मुद्दों को एक साथ जोड़ती है। उन्होंने कहा कि गन्ने से एथेनॉल बनाने की प्रक्रिया किसानों के लिए फायदेमंद होनी चाहिए। लेकिन इसका लाभ आम उपभोक्ता तक नहीं पहुंच रहा है। इससे आम आदमी पर महंगाई का बोझ लगातार बढ़ रहा है। आकाश आनंद ने 2014 से अब तक गैस सिलिंडर की कीमतों में हुई भारी वृद्धि का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने याद दिलाया कि 2014 में गैस सिलिंडर की कीमत करीब 400 रुपये थी। उस समय भाजपा के नेता सड़कों पर उतरकर महंगाई का विरोध करते थे। आज वही सिलिंडर 1,200 रुपये का हो गया है।

### काम कोई और करता है, लेकिन फीता ये लोग काटते

बसपा राष्ट्रीय संयोजक ने भाजपा सरकार पर दूसरों के काम पर अपना झंडा लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि काम कोई और करता है, लेकिन फीता ये लोग काटते हैं। यह सरकार की श्रेय लेने की राजनीति को दर्शाता है। आकाश आनंद ने 'डबल इंजन की सरकार' के दावे पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में 4 लाख से अधिक सरकारी पद खाली पड़े हैं। इसके अलावा, लगातार पेपर लीक होने की घटनाएं युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। यह घटनाएं उनकी उम्मीदों को तोड़ रही हैं। उन्होंने तर्क दिया कि अगर यह पैसा व्यवस्था सुधारने और रोजगार सृजन पर खर्च होता, तो आज युवा सरकारी नौकरी पा रहे होते। यह आरोप सरकार की रोजगार सृजन और प्रशासनिक दक्षता पर सीधा हमला था।

### बुनियादी ढांचा और सरकारी कामकाज पर सवाल

आकाश आनंद ने देश में बन रहे एक्सप्रेस-वे की गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि देश में सबसे बेकार एक्सप्रेस-वे बनाए जा रहे हैं। इसके उदाहरण के तौर पर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का जिक्र किया। उन्होंने इन एक्सप्रेस-वे में गड्ढों की समस्या और खराब निर्माण गुणवत्ता की ओर इशारा किया। यह खराब गुणवत्ता यात्रियों की सुरक्षा के लिए खतरा है। इसके विपरीत, उन्होंने आगरा नोएडा एक्सप्रेस वे की प्रशंसा की। इस एक्सप्रेस-वे को मायावती के शासनकाल में बनाया गया था। उन्होंने दावा किया कि इतने साल बाद भी इस एक्सप्रेस-वे में एक भी गड्ढा नहीं है। यह आज भी उच्च गुणवत्ता का प्रतीक है। यह तुलना बसपा के शासनकाल में हुए विकास कार्यों की गुणवत्ता को उजागर करने का प्रयास था। आकाश आनंद ने भाजपा सरकार पर अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए केवल विज्ञापन पर भारी खर्च करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2017 से भाजपा की सरकार है। इन साल में सरकार ने अपनी कमियों को छिपाने के लिए 7 हजार करोड़ रुपये से अधिक टैक्स के पैसों का इस्तेमाल केवल विज्ञापन पर किया है। यह राशि जनता के पैसे की बर्बादी है। इसे विकास कार्यों में लगाया जा सकता था।

### सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली

आकाश आनंद ने झांसी के एक अस्पताल में नवजात बच्चों की मौत की दुखद घटना का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस दुखद घटना पर सरकार के पास अफसोस जताने के अलावा और कुछ नहीं है। यह टिप्पणी सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली और संवेदनशीलता की कमी को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की मूलभूत समस्याओं के प्रति उदासीन है। वह केवल अपनी छवि चमकाने में लगी है। उन्होंने राहुल गांधी की 'संविधान वाली किताब' के पन्नों को खाली बताते हुए कांग्रेस पर भी निशाना साधा। यह दोहराते हुए कि कांग्रेस शासित राज्यों में भी भाजपा जैसी ही नीतियां अपनाई जा रही हैं।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों पर राजस्थान पुलिस का विशेष अभियान

## 20 दिन में 1 हजार 624 हार्डकोर अपराधी गिरफ्तार

### अपराधियों, नशा तस्करों और यातायात नियम तोड़ने वालों पर हुआ सख्त एक्शन

### 848 एनडीपीएस प्रकरणों में 1158 आरोपी गिरफ्तार

### एमवी एक्ट में 2 लाख 32 हजार कार्रवाई







स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों पर राजस्थान पुलिस द्वारा पूरे प्रदेश में 20 जुलाई से चलाए जा रहे एक माह के विशेष अभियान में अपराधियों के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति उभर कर सामने आई है। राजस्थान पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में सभी पुलिस रेंज और पुलिस आयुक्तालयों में एक साथ संचालित अभियान के दौरान हार्डकोर अपराधियों, मादक पदार्थ तस्करों, साइबर अपराधियों, अवैध हथियार रखने वालों तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पिछले बीस दिनों में सघन व सख्त कार्रवाई की गई। अभियान का उद्देश्य कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाते हुए आमजन में सुरक्षा और विश्वास की भावना को और मजबूत करना है।

**संगठित-हार्डकोर अपराधियों पर 2 हजार से ज्यादा कार्यवाही:**
विशेष अभियान के दौरान पूरे प्रदेश में 2067 हार्डकोर अपराधियों की पहचान कर उनके विरुद्ध विभिन्न धाराओं में कुल 2 हजार 85 कार्रवाईयां की गई। पुलिस ने 1 हजार 624 हार्डकोर अपराधियों को गिरफ्तार करने के साथ ही कई स्थानों पर निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया। यह कार्यवाही संगठित अपराध के विरूद्ध बेहद प्रभावी व कारगर हो रही है व निरंतर जारी रहेगी।

**1158 नशा तस्कर हुए गिरफ्तार:**
इस अवधि में राजस्थान पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार पर निर्णायक प्रहार करते हुए 848 एनडीपीएस प्रकरण दर्ज किए तथा 1158 आरोपियों को गिरफ्तार किया। अभियान के दौरान विभिन्न रेंजों में मादक पदार्थों की बरामदगी के साथ तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई। कार्यवाही में वाणिज्यिक मात्रा व बड़े तस्करों के विरूद्ध अधिक कार्यवाही की गई है। इसके साथ ही अवैध हथियारों से जुड़े 319 प्रकरण दर्ज कर अपराधियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गई और 396 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

**साइबर अपराधियों और अपराध नेटवर्क पर भी कार्रवाई**
अभियान के दौरान साइबर अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए अब तक 624 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए। साइबर अपराधियों से 8 करोड़ 24 लाख 15 हजार 336 रुपयों को होल्ड कराते हुए 2 करोड़ 91 लाख 63 हजार 333 रुपये पीड़ितों को वापस दिलाए गए। साइबर हॉटस्पॉट की निगरानी, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर तथा अन्य विशेष अपराधों के विरुद्ध भी अभियान लगातार जारी है। अवैध खनन के विरूद्ध 650 प्रकरणों में कार्यवाही कर गिरफ्तारियां की गई।

**नाकाबंदी और यातायात अभियान से अपराधियों पर नजरः**
राज्यभर में व्यापक स्तर पर नाकाबंदी कर 9 हजार 663 स्थानों पर कार्यवाही करते हुए 7 लाख 4 हजार 594 वाहनों की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्ती बरतते हुए 2 लाख 32 हजार 58 मोटर वाहन अधिनियम (एमवी एक्ट) के तहत कार्रवाई की गई। इनमें शराब पीकर वाहन चलाने वाले 16 हजार 874, बिना हेलमेट वाले 1 लाख 74 हजार 904, बिना सीट बेल्ट वाले 13 हजार 832, काली फिल्म वाले 12 हजार 241, ओवरलोड पर 19 हजार 213 वाहनधारियों के विरुद्ध तथा अन्य नियमों का उल्लंघन करने वाले 2 लाख 59 हजार 806 प्रकरणों में प्रभावी कार्यवाही की गई। इसी प्रकार तेज गति से वाहन चलाने पर 1 लाख 13 हजार 651 के विरूद्ध और 170 बीएनएस के तहत 10 हजार 226 के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

**महिला सुरक्षा और जनभागीदारी पर विशेष जोर**
महिला सुरक्षा को अभियान की प्राथमिकताओं में शामिल करते हुए 2 हजार 835 मामलों में प्रभावी कार्रवाई की गई और 7 हजार 545 स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाए गए। पुलिस और समाज के बीच विश्वास को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में एक हजार 60 कम्युनिटी लाइजन ग्रुप (सीएलजी) बैठकों का आयोजन किया गया। इन बैठकों में स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों से संवाद स्थापित कर कानून-व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई।

**रेंज पुलिस ने की प्रभावी कार्यवाही**
अभियान में सभी पुलिस रेंजों और आयुक्तालयों ने प्रभावी कार्यवाही की। अजमेर रेंज ने हार्डकोर अपराधियों के विरूद्ध 841 कार्यवाही करते हुए 609 हार्डकोर अपराधियों को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार उदयपुर रेंज ने 316, जयपुर आयुक्तालय ने 206 व भरतपुर रेंज ने 205 हार्डकोर अपराधियों को गिरफ्तार किया। बीकानेर रेंज ने 206 एनडीपीएस प्रकरण दर्ज कर 273 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। भरतपुर रेंज ने इस अवधि में अवैध हथियारों के विरूद्ध 95 कार्यवाही की। बीकानेर रेंज ने महिला सुरक्षा के मामलों में 703 प्रकरण दर्ज किए । जयपुर रेंज ने 139 प्रकरण दर्ज कर 158 अपराधियों को पकड़ कर साइबर अपराध नियंत्रण से अपनी सक्रियता दिखाई। बीकानेर रेंज 170 बीएनएस एक्ट में 2 हजार 464 कार्यवाही की।

**महानिदेशक पुलिस शर्मा बोले - राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति पर अमल**
महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि राजस्थान पुलिस मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशाओं के अनुरूप कानून-व्यवस्था बनाए रखने, संगठित अपराध, नशा तस्करी, साइबर अपराध एवं महिला अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य सरकार की अपराधों के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस नीति पर अमल कर रही है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा ताकि अपराधियों में कानून का भय और आमजन में सुरक्षा का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके।

# पुर में गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर मनेगा संकल्प सप्ताह

## 11 से 15 अगस्त तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम, गुड़ की लावसी खिलाने से लेकर हस्ताक्षर अभियान तक होंगे आयोजन

स्मार्ट हलचल




**रिपोर्टर सुरज वर्मा भीलवाड़ा** के पुर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं राजस्थान सरकार के पूर्व राज्य मंत्री तथा मेवाड़ के वरिष्ठ नेता धीरज गुर्जर के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर उपनगर पुर में 11 से 15 अगस्त तक संकल्प सप्ताह मनाया जाएगा। सप्ताह के दौरान विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं जनजागरण कार्यक्रम आयोजित कर गौ संरक्षण और गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा देने की मांग को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।संकल्प सप्ताह के तहत 11 अगस्त को गौ माता को गुड़ की लावसी खिलाकर उन्हें राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने का संकल्प लिया जाएगा। वहीं 12 अगस्त को पुर क्षेत्र की आंगनबाड़ियों में पोषाहार को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से बड़ी बक्सा पेटियां भेंट की जाएंगी।इसी क्रम में 13 अगस्त को गौ माता को चारा खिलाने के साथ संत-महात्माओं एवं गो भक्तों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। 14 अगस्त को शिव-नंदी अभिषेक का आयोजन किया जाएगा। वहीं 15 अगस्त को गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा, जिसमें आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। आयोजकों के अनुसार संकल्प सप्ताह का उद्देश्य गौ संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना, गौ सेवा को प्रोत्साहित करना तथा गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने की मांग को व्यापक जनसमर्थन दिलाना है।सभी कार्यक्रम सेवादल कांग्रेस भीलवाड़ा के तत्वावधान में आयोजित किए जाएंगे। आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओं एवं गो भक्तों द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं तथा अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रमों में सहभागिता करने का आह्वान किया गया है।

# पन्नाधाय की ऐतिहासिक पहचान बदलने पर करणी सेना व राष्ट्रीय बजरंग दल ने किया विरोध

### प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, पुस्तक में संशोधन और निष्पक्ष जांच की मांग

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा (पंकज पोरवाल)।** वीरांगना पन्नाधाय के इतिहास और सामाजिक पहचान को लेकर प्रकाशित एक पुस्तक में दिए गए विवरण पर विवाद खड़ा हो गया है। राष्ट्रीय बजरंग दल और श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने इसे ऐतिहासिक तथ्यों से छेड़छाड़ बताते हुए विरोध दर्ज कराया। दोनों संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पुस्तक के विवरण की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा प्रामाणिक तथ्यों के आधार पर संशोधन की मांग की। जिलाध्यक्ष रितेश गुर्जर एवं करणी सेना के जिलाध्यक्ष धनराज सिंह अमरतिया के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच एवं पुस्तक में तत्काल संशोधन की मांग की। करणी सेना के प्रदेश सचिव महीपाल सिंह ने बताया कि केंद्रीय प्रकाशन विभाग की पुस्तक 'भारत के नारी रत्न' के पृष्ठ संख्या 08 पर वीरांगना पन्नाधाय की जीवनी प्रकाशित है। प्रतिनिधिमंडल का आरोप है कि इसमें पन्नाधाय की मूल ऐतिहासिक पहचान को बदलकर उन्हें 'खींची राजपूत वंश की क्षत्राणी' दर्शाया गया है। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलामंत्री पवन व्यास ने कहा कि पन्नाधाय का जीवन त्याग, स्वामिभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। उनके अनुसार ऐतिहासिक तथ्यों में बदलाव कर प्रस्तुत करना महान बलिदानी का अनादर है। इस मामले को लेकर गुर्जर समाज सहित विभिन्न वर्गों में असंतोष है। उन्होंने कहा कि संगठनों का उद्देश्य इतिहास की प्रामाणिकता एवं सत्यता को बनाए रखना है। ज्ञापन में पुस्तक के पृष्ठ संख्या 08 पर प्रकाशित विवरण की समीक्षा कर प्रामाणिक ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर तत्काल संशोधन करने की मांग की गई। साथ ही इतिहासकारों, विषय विशेषज्ञों एवं संबंधित समाज के प्रतिनिधियों की संयुक्त समिति गठित कर निष्पक्ष जांच कराने की मांग रखी गई। प्रतिनिधिमंडल ने पन्नाधाय सर्किल पर पन्नाधाय की प्रतिमा विधि-विधान के साथ स्थापित करने, जांच एवं संशोधन की प्रक्रिया पूरी होने तक विवादित पुस्तक के आगामी संस्करणों व पुनर्मुद्रण के वितरण पर रोक लगाने तथा राष्ट्रीय एवं ऐतिहासिक महत्व की विभूतियों से संबंधित साहित्य के प्रकाशन से पहले प्रामाणिक ऐतिहासिक स्त्रोतों का अनिवार्य सत्यापन सुनिश्चित करने की मांग भी की। इस दौरान बालमुकुंद प्रजापत, पवन व्यास, राहुल जाट, अरविन्द सिंह, सोनू प्रजापत, भरत सिंह, नवीन गाडरी, पूरण मल, बनवारी गाडरी, लोकपाल, जितेन्द्र गुर्जर, लोकेश खटीक, धनराज सिंह, महावीर सिंह, महेन्द्र सिंह, हेमेन्द्र सिंह, दशरत सिंह, लाल सिंह, महिपाल सिंह, जालम सिंह, पृथ्वीराज नकवाल, विजय सिंह, शुभम सिंह, बंटी सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संकट में घबराना नहीं, बचाव करना सीखें

## SDRF ने बच्चों को सिखाई हर आपात स्थिति से निपटने की कला

स्मार्ट हलचल




**काछोला** क्षेत्र के धामनिया पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धामनिया में राज्य आपदा प्रतिसाद बल के हेड प्रभारी नारायण लाल सेन ने कहा कि किसी भी आपदा के दौरान घबराने के बजाय सही समय पर सही निर्णय लेकर जीवन बचाया जा सके, इसी उद्देश्य से राज्य आपदा प्रतिसाद बल (SDRF) की ई कंपनी, नारेली अजमेर ने सोमवार को धामनिया पीएम श्री स्कूल में आपदा सुरक्षा एवं जीवन रक्षक प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान राजेंद्र जाखड़ ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को सीपीआर, फर्स्‌ट एड, गैस सिलेंडर में आग लगने पर बचाव, पानी में डूबते व्यक्ति को सुरक्षित निकालने और खुले बोरवेल से बचाव के व्यावहारिक तरीके सिखाए गए। धामनिया स्कूल में जन-जागरूकता एवं आपदा सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम SDRF कमांडेंट जयपुर के निर्देश पर आयोजित हुआ।

**विशेषज्ञों ने दिया व्यावहारिक प्रशिक्षण**
रेस्क्यू टीम के टीम प्रभारी नारायण सेन और सहायक प्रभारी राजेंद्र जाखड़,शंकर लाल के नेतृत्व में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही जीवन रक्षक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी कराया गया।

**सीपीआर, फर्स्‌ट एड और आग से बचाव के तरीके**
प्रशिक्षण के दौरान गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में सुरक्षित बचाव, सीपीआर (CPR) देने की सही प्रक्रिया और प्राथमिक उपचार (फर्स्‌ट एड) के प्रभावी तरीकों का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा पानी में डूबते व्यक्ति को बचाने के सुरक्षित उपाय तथा खुले बोरवेल से होने वाले हादसों की रोकथाम के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

**आपदा के समय सही निर्णय लेने पर जोर**
SDRF टीम ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को आपदा प्रबंधन, त्वरित प्रतिक्रिया और जीवन रक्षा के आवश्यक कौशल से प्रशिक्षित करना है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में वे घबराने के बजाय समझदारी से तत्काल और प्रभावी कार्रवाई कर सकें।

**विद्यार्थियों ने उत्साह से लिया हिस्सा**
कार्यक्रम में दोनों स्कूलों के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा आपदा सुरक्षा और बचाव से जुड़े विभिन्न विषयों की उपयोगी जानकारी प्राप्त की।इस मौके पर प्रधानाचार्य हीरा लाल शर्मा,जगदीश चंद्र मंत्री,प्रकाश। चतुर्वेदी,बाबू लाल खटीक,मोहम्मद शाबीर रंगरेज, नंद लाल प्रजापत,देवी लाल गुर्जर, पंकज त्रिवेदी,राजकुमार चौधरी,राजकुमार प्रजापत,रामप्यारी मीणा सहित आदि उपस्थित थे।

# कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा राजनगर एवं प्रताप सिंह बारहठ योजना की लॉटरी संपन्न




### 265 सफल आवेदकों के खिले चेहरे , इनको मिलेंगे भूखंड

स्मार्ट हलचल

**कोटा,** कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा सोमवार को राजनगर आवासीय योजना एवं प्रताप सिंह बारहठ आवासीय योजना की लॉटरी सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। लॉटरी के परिणाम जारी होते ही 265 सफल आवेदकों के चेहरे खिल उठे। प्राधिकरण को इन दोनों आवासीय योजनाओं के लिए आमजन से बेहद उत्साहजनक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई थी। केडीए आयुक्त श्री बचनेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि राजनगर आवासीय योजना के कुल 28 भूखंडों के लिए 775 आवेदन प्राप्त हुए थे। वहीं, प्रताप सिंह बारहठ आवासीय योजना के 237 भूखंडों के लिए कुल 2,456 आवेदकों ने रुचि दिखाई थी। संपूर्ण लॉटरी प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता के साथ निष्पादित करते हुए कुल 3,231 आवेदकों में से 265 आवेदकों का लॉटरी प्रक्रिया से चयन किया गया। केडीए सचिव श्री मुकेश कुमार चौधरी ने जानकारी दी कि लॉटरी में सफल रहे सभी 265 आवेदकों को भूखंड आवंटन पत्र शीघ्र ही जारी कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आवंटन पत्र जारी होने के पश्चात् देय राशि जमा कराने के लिए आवेदकों को 30 दिवस की समयावधि दी जाएगी, जिसके भीतर नियमानुसार राशि जमा करना अनिवार्य होगा।

# नगरीय निकाय चुनाव के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त’

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा,** राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान, जयपुर के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) श्री जसमीत सिंह संधू ने जिले के नगरीय निकायों के आगामी आम चुनाव के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की है। आदेश के अनुसार नगर निगम भीलवाड़ा के लिए अति. जिला कलक्टर (शहर) को रिटर्निंग अधिकारी तथा उपखण्ड अधिकारी भीलवाड़ा, सहायक कलक्टर भीलवाड़ा, तहसीलदार भीलवाड़ा एवं तहसीलदार भू-अभिलेख, जिला कार्यालय को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर पालिका आसीन्द, हमीरगढ़, बनेड़ा, शाहपुरा, जहाजपुर, माण्डलगढ़ एवं बिजौलिया के लिए संबंधित उपखण्ड अधिकारियों को रिटर्निंग अधिकारी तथा संबंधित तहसीलदारों को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर पालिका बीगोद के लिए सहायक निदेशक, लोक सेवाएँ विभाग को रिटर्निंग अधिकारी तथा तहसीलदार काछोला को सहायक रिटर्निंग अधिकारी और गंगापुर के लिए उपखंड अधिकारी गंगापुर को रिटर्निंग अधिकारी तथा तहसीलदार सहाड़ा मु0 गंगापुर को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, गुलाबपुरा नगर पालिका के लिए उपखंड अधिकारी गुलाबपुरा को रिटर्निंग अधिकारी तथा तहसीलदार हुरड़ा को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है।

# साहित्यकारा ऋतु चतुर्वेदी को मिला ‘श्री अशोक कुमार सक्सेना भारतीय अध्यात्म-दर्शन-विभूषण साहित्य सम्मान-2026’

स्मार्ट हलचल




**राजेन्द्र बबलू पोखरना कोटड़ी** साहित्य एवं अध्यात्म-दर्शन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए विशिष्ट साहित्यकारा एवं स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, कोटड़ी की शिक्षिका ऋतु चतुर्वेदी को प्रतिष्ठित ‘श्री अशोक कुमार सक्सेना भारतीय अध्यात्म-दर्शन-विभूषण साहित्य सम्मान’ से सम्मानित किया गया। त्रिसुगंधी साहित्य, कला एवं संस्कृति संस्थान, उदयपुर के तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। संस्थान की संस्थापक एवं अध्यक्ष आशा पाण्डेय ‘ओझा’ ने बताया कि ऋतु चतुर्वेदी को उक्त सम्मान उनकी चर्चित साहित्यिक कृतियों ‘गीतामिय-काव्य कुंभ’ एवं ‘मानस-गीतामिय’ में भारतीय अध्यात्म, दर्शन, संस्कृति एवं जीवन-मूल्यों की प्रभावशाली अभिव्यक्ति के लिए प्रदान किया गया है। उनकी दोनों कृतियों को पाठकों एवं साहित्यप्रेमियों द्वारा विशेष सराहना प्राप्त हुई है। ऋतु चतुर्वेदी की साहित्यिक लेखनी में भारतीय ज्ञान-परंपरा, आध्यात्मिक चेतना, जीवन-दर्शन एवं मानवीय मूल्यों का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है। उन्होंने साहित्य-सृजन के साथ-साथ मॉडल स्कूल, कोटड़ी में शिक्षिका के रूप में अपने शैक्षणिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए शिक्षा एवं साहित्य, दोनों क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। सम्मान समारोह में साहित्यकारा ऋतु चतुर्वेदी को सम्मान राशि, प्रशस्ति-पत्र, श्रीफल, उपरणा एवं पारंपरिक पागड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि न केवल उनके साहित्यिक अवदान का सम्मान है, बल्कि मॉडल स्कूल कोटड़ी,भीलवाड़ा एवं समूचे क्षेत्र के लिए भी गौरव का विषय है। साहित्य एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने ऋतु चतुर्वेदी को इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए बधाई देते हुए उनके निरंतर साहित्यिक सृजन एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। उनके इस सम्मान से क्षेत्र में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को भी नई प्रेरणा मिलेगी।

# पार्वती सेवा संस्थान के अध्यक्ष बने राजेन्द्र कुमार मूंदड़ा

### कमलेश डाड मंत्री एवं गोवर्धन लाल झंवर कोषाध्यक्ष मनोनीत, पत्रिका के 82 संस्करण प्रकाशित

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा (पंकज पोरवाल)।** पार्वती सेवा संस्थान, भीलवाड़ा के द्विवार्षिक चुनाव सर्वसम्मति एवं निर्विरोध रूप से संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी जगदीश चन्द्र काबरा ने आधिकारिक परिणामों की घोषणा करते हुए बताया कि प्रबंधकारिणी के नेतृत्व के लिए राजेन्द्र कुमार मूंदड़ा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। कार्यकारिणी में कमलेश डाड को मंत्री तथा गोवर्धन लाल झंवर को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का उपस्थित सदस्यों ने स्वागत करते हुए संस्थान की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने की अपेक्षा जताई। बैठक के दौरान संस्थान की पत्रिका के प्रकाशन की जानकारी भी साझा की गई। बताया गया कि अब तक पत्रिका के 82 संस्करण सफलतापूर्वक प्रकाशित किए जा चुके हैं। बैठक में इसकी पुष्टि की गई तथा संस्थान की गतिविधियों एवं सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई।

# नामदेव समाज मंदिर में गूंजे वैदिक मंत्र, शिव परिवार व संत नामदेव जी की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न

## मंदिर पुनर्निर्माण से लेकर प्राण-प्रतिष्ठा तक पूरे आयोजन के सूत्रधार रहे अध्यक्ष उदयलाल चिचोदिया, समाज के वरिष्ठजनों ने साफा बांधकर किया सम्मान

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** श्री नामदेव छीपा समाज सेवा समिति, शाहपुरा के तत्वावधान में श्री रघुनाथ जी महाराज मंदिर परिसर में आयोजित दो दिवसीय शिव परिवार एवं संत नामदेव जी महाराज की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा एवं लोकार्पण समारोह का सोमवार को धार्मिक विधि-विधान, वैदिक मंत्रोच्चार और श्रद्धा के वातावरण में भव्य समापन हुआ। मोनू सुरेश छीपा ने बताया की समारोह के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ शिव परिवार एवं संत नामदेव जी महाराज की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। इसके पश्चात लोकार्पण कार्यक्रम एवं महाआरती का आयोजन हुआ। महाआरती में समाजबंधुओं एवं श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक भाग लेकर धर्मलाभ लिया। आयोजन के समापन पर समाजबंधुओं एवं श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया गया।

**समाज के भामाशाहों का किया सम्मान**

धार्मिक आयोजन के दौरान समाज के विकास एवं धार्मिक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले भामाशाहों का सम्मान



किया गया। इस अवसर पर रमेश बघेरवाल, सत्यनारायण पाटोदिया, नरेश अंछारा, डॉक्टर ओमप्रकाश मलतानी, रामकिशन जोशी, राधेश्याम गंगवाल, कैलाश बाकलीवाल, रमेश बघेरवाल, अजय विजय पाटोदिया सहित समाज के सहयोगी भामाशाहों का सम्मान कर उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कोषाध्यक्ष रामायण नरबाण ने कहा कि समाज के भामाशाहों और कर्मठ कार्यकर्ताओं के सहयोग से धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों को गति मिलती है। मंदिर पुनर्निर्माण एवं प्राण-प्रतिष्ठा जैसे आयोजन समाज की एकजुटता और सामूहिक सहभागिता का प्रतीक हैं।

**अध्यक्ष उदयलाल चिचोदिया का विशेष सम्मान, वरिष्ठजनों ने बांधा साफा**

कार्यक्रम के पश्चात समाज के वरिष्ठजनों ने आयोजन के मुख्य सूत्रधार एवं श्री नामदेव छीपा समाज सेवा समिति के अध्यक्ष उदयलाल चिचोदिया का विशेष सम्मान किया। समाज के वरिष्ठजनों ने उदयलाल चिचोदिया को साफा बंधवाकर एवं नामदेव जी महाराज का दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान समाजबंधुओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनके समर्पण और संघर्ष की सराहना की। समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि मंदिर पुनर्निर्माण से लेकर शिव परिवार की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा और संत नामदेव जी महाराज की मूर्ति स्थापना तक पूरे कार्यक्रम में उदयलाल चिचोदिया शुरू से लेकर आखिर तक निरंतर संघर्षरत रहे। उन्होंने आयोजन की तैयारियों, समाजबंधुओं को साथ जोड़ने, व्यवस्थाओं को गति देने और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके निरंतर प्रयास और समर्पण को देखते हुए समाज के वरिष्ठजनों ने उनका विशेष सम्मान किया। सम्मान के दौरान माहौल भावुक और गौरवपूर्ण हो गया। समाजबंधुओं ने अध्यक्ष उदयलाल चिचोदिया के नेतृत्व एवं प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सक्रियता और समर्पण से ही इतने बड़े धार्मिक आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सका।

**उदयलाल चिचोदिया ने समाजबंधुओं और भामाशाहों का जताया आभार**

सम्मान के बाद अपने भाव व्यक्त करते हुए अध्यक्ष उदयलाल चिचोदिया ने कहा कि यह आयोजन किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक मेहनत, आस्था और सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी कर्मठ समाजबंधुओं, वरिष्ठजनों और भामाशाहों का आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग रहा, जिसके कारण यह धार्मिक कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। उन्होंने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की एकजुटता और सामूहिक सहयोग से भविष्य में भी इसी प्रकार सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा।

**आस्था और सामाजिक एकता का बना केंद्र**

दो दिवसीय आयोजन के दौरान नामदेव समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। हवन, सुंदरकांड पाठ, प्राण-प्रतिष्ठा, लोकार्पण, महाआरती और महाप्रसादी सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन ने जहां धार्मिक आस्था को मजबूत किया, वहीं समाज की एकजुटता, सहयोग और सामाजिक समरसता का भी संदेश दिया। मंदिर परिसर में पूरे आयोजन के दौरान भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष उदयलाल चिचोदिया, सचिव अनिल कुमार बघेरवाल, गोपाल नरबाण, कोषाध्यक्ष रामनारायण नरबान, बंशीलाल मुल्तानी, केलाश अंछारा , ओम प्रकाश लफून्दरा, ओम प्रकाश अमरवाल, युवा अध्यक्ष पीयुष अंछारा पवन कुमार मुल्तानी, महेश बघेरवाल, सुरेश बघेरवाल कान्ता देवी अंछारा, ललिता गंगवाल, शकुंतला बघेरवाल, ज्योति समाजबंधु मौजूद रहे।

# मेहंदी की लकीरों में उभरी सांवरिया सेठ की छवि, पूजा सेन की कला बनी आकर्षण का केंद्र

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा:-** कला के प्रति जुनून और भगवान के प्रति आस्था जब एक साथ जुड़ती है तो एक अनूठी कृति जन्म लेती है। ऐसा ही कुछ देखने को मिला भीलवाड़ा जिले के आसींद की रहने वाली पूजा सेन की मेहंदी कला में। पूजा सेन ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए मेहंदी से श्री सांवरिया सेठ जी की मनमोहक तस्वीर तैयार की है। मेहंदी की बारीक रेखाओं और बेहद सूक्ष्म डिजाइन के माध्यम से सांवरिया सेठ जी की छवि को उकेरना अपने आप में चुनौतीपूर्ण कार्य है। पूजा सेन ने अपनी मेहनत, धैर्य और रचनात्मक सोच के साथ इस कार्य को पूरा किया। तैयार तस्वीर में मेहंदी की कलाकारी के साथ भगवान श्री सांवरिया सेठ के प्रति उनकी श्रद्धा भी साफ नजर आती है। पूजा सेन का कहना है कि मेहंदी उनके लिए केवल हाथों पर डिजाइन बनाने की कला नहीं है, बल्कि इसके जरिए वह अपनी भावनाओं और भक्ति को भी व्यक्त करती हैं। सांवरिया सेठ जी की तस्वीर मेहंदी से बनाने का विचार भी इसी आस्था से प्रेरित रहा। पूजा सेन की इस अनोखी कलाकृति को देखने वाले लोग उनकी बारीक कारीगरी और रचनात्मकता की सराहना कर रहे हैं। स्थानीय स्तर पर भी उनकी इस कला को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। पूजा सेन ने अपनी मेहनत और हुनर के माध्यम से यह संदेश दिया है कि कला में भक्ति का भाव जुड़ जाए तो साधारण मेहंदी भी एक खूबसूरत कलाकृति का रूप ले सकती है।



# चंबल की पाइपलाइन में बड़ा लीकेज, हजारों लीटर पानी नाले में बहा



## राजस्थान जन मंच की टीम ने मौके पर पहुंचकर तकनीकी टीम से कराया लीकेज दुरुस्त

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** आजाद नगर में महाप्रज्ञ सर्किल के आगे चंबल की पाइपलाइन के वाल्व के पास बड़ा लीकेज होने से हजारों लीटर पानी धारा प्रवाह नाले में बह रहा था। सूचना मिलते ही राजस्थान जन मंच के अध्यक्ष कैलाश सोनी मौके पर पहुंचे और चंबल की तकनीकी टीम को बुलाकर लीकेज दुरुस्त कराया। इससे पानी की बर्बादी थमी। मौके पर शिव प्रकाश चन्नाल, सुभाष गोयल, दीपक चन्नाल सहित टीम के सदस्य मौजूद रहे।

# अगस्त क्रांति के शहीदों को नमन, गांधी सर्किल पर गूंजा 'करो या मरो'




## महात्मा गांधी जीवन दर्शन संस्थान ने बलिदानियों को याद कर लोकतंत्र की रक्षा का लिया संकल्प

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** अगस्त क्रांति स्मृति दिवस पर महात्मा गांधी जीवन दर्शन संस्थान ने गांधी सर्किल पर महात्मा गांधी को माल्यार्पण कर भारत छोड़ो आंदोलन के वीर सेनानियों और अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। जिला संयोजक अक्षय त्रिपाठी के निर्देशन में हुए कार्यक्रम में एडवोकेट अशोक जैन ने 'करो या मरो' के ऐतिहासिक संकल्प को याद किया। जिला सह संयोजक मुस्ताक अली मंसूरी और पूर्व सभापति मंजू पोखरना ने स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग से प्रेरणा लेकर लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कलीम काजी, रफीक शेख, ममता शर्मा, सुरेश बंब, अली मंसूरी और खेमराज पनवा सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 26 हजार न्यूनतम वेतन समेत 10 मांगों को लेकर श्रमिकों ने भरी हुंकार, कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन




स्मार्ट हलचल

**पुनित चपलोत भीलवाड़ा।** बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, निजीकरण, ठेका प्रथा और श्रम कानूनों में बदलाव के विरोध में सोमवार को श्रमिक संगठनों ने जोरदार प्रदर्शन किया। देश की केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर सीटू सहित विभिन्न श्रमिक संगठनों के कार्यकर्ता मुखर्जी पार्क में एकत्र हुए। यहां से रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। रैली में इंटर यूनियन के जिला अध्यक्ष दीपक व्यास, महामंत्री कान सिंह, कार्यालय सचिव सत्यनारायण सेन, सीटू के प्रदेश सचिव ओमप्रकाश देवानी, जलदाय यूनियन के कन्हैया लाल शर्मा, टेक्सटाइल यूनियन के सोनू शर्मा सहित विभिन्न श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रमिक शामिल हुए। श्रमिक नेताओं ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में मेहनतकश वर्ग की अहम भूमिका है, लेकिन इसके बावजूद श्रमिकों को सम्मानजनक वेतन, सामाजिक सुरक्षा और सुरक्षित कार्यस्थल जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। उन्होंने श्रमिक आंदोलनों के दौरान गिरफ्तार किए गए कार्यकर्ताओं की बिना शर्त रिहाई और मुकदमे वापस लेने की मांग भी उठाई। प्रदर्शन के बाद श्रमिक संगठनों ने जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में श्रमिक विरोधी श्रम संहिताओं को वापस लेने, न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये प्रतिमाह करने, आठ घंटे का कार्यदिवस लागू करने तथा अतिरिक्त काम पर दोगुना ओवरटाइम देने की मांग की गई। इसके अलावा संविदा एवं ठेका श्रमिकों को समान काम के लिए समान वेतन, नियमितीकरण, सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण पर रोक, आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण, सस्ती एलपीजी, पेंशन, ईएसआई और पीएफ सहित सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देने की मांग की गई। श्रमिक नेताओं ने लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और श्रमिक आंदोलनों पर दमन बंद करने की भी मांग रखी।

### नगर कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ छोटीसादड़ी की नई कार्यकारिणी घोषित

# शमीउल्ला खान अध्यक्ष एवं मुबारिक हुसैन संगठन महामंत्री मनोनीत, कांग्रेस की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

स्मार्ट हलचल

**छोटीसादड़ी ज़ाकिर हुसैन)** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की अनुशंसा तथा कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी, प्रदेश अध्यक्ष एम.डी. चोपदार एवं चित्तौड़गढ़ जिला अध्यक्ष इम्तियाज हुसैन की सहमति से नगर कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ छोटीसादड़ी की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। नगर कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शमीउल्ला खान ने बताया कि नवगठित कार्यकारिणी का उद्देश्य कांग्रेस संगठन को नगर स्तर पर और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाना है। कार्यकारिणी के पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की जनहितकारी विचारधारा, संविधान की रक्षा, सामाजिक सद्भाव एवं कांग्रेस की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

**यह रहे प्रमुख पदाधिकारी**

नवगठित नगर कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ में शमीउल्ला खान को अध्यक्ष तथा मुबारिक हुसैन को संगठन महामंत्री बनाया गया है। वहीं मुस्ताक खान, वजीर खान, नियाज़ मोहम्मद मंसूरी, रशीद खान,शेर खान, कुतबी बोहरा/हकीम बोहरा, कुतुबी बोहरा /मोइज़ बोहरा, कमरुद्दीन बोहरा, इरफान खान, निसार बोहरा एवं रशीद अब्बासी को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। महासचिव पद पर इस्लामुद्दीन शाह, खलील मोहम्मद, अल्ताफ मंसूरी, शरीफ शाह, जाहिद खान, अंजीजउल्ला खान, अशवाक उल्ता खान, लुकमान खान, शाहिद खान, होजेफा बोहरा एवं काईद भाई बोहरा को मनोनीत किया गया है।

**कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी जिलानी मंसूरी को दी गई है।**

सचिव एवं सदस्य भी मनोनीत कार्यकारिणी में सरनवाज खान, जुबेर खान, फारूख मंसूरी, अताउल्ला खान, मुंसिफ खान, सद्दाम खान, रफीक मोहम्मद, आबिद मंसूरी, शब्बीर बोहरा एवं मुबारक हुसैन को सचिव बनाया गया है। इसी प्रकार रईस खान, जमील मंसूरी, न्याजू भाई, आरिफ मंसूरी, लालाभाई मंसूरी, आदिल अब्बासी, शाहरुक मंसूरी, शहजाद मंसूरी, जुनैद खान, नफीस खान, हिदायत आलम मंसूरी, आरिफ हुसैन एवं अदनान बोहरा को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है। प्रवक्ता के रूप में बाबू खान को जिम्मेदारी दी गई है, जबकि शहजाद मंसूरी एवं सेफ़ू अब्बासी को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

# सेशन कोर्ट के पास अब मिलेगा अधिकृत डाक बुकिंग काउंटर

## अधिवक्ताओं को नहीं जाना पड़ेगा हेड पोस्ट ऑफिस, फिनार्क लीगल में मिलेगी Speed Post-रजिस्टर्ड डाक की सुविधा

OFFICIAL FRANCHISE OUTLET
भारतीय डाक
India Post

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** सेशन कोर्ट क्षेत्र के अधिवक्ताओं और आमजन को डाक बुकिंग की सुविधा अब न्यायालय के नजदीक ही मिलेगी। जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़ ने बताया कि भारतीय डाक विभाग के सहयोग से सेशन कोर्ट के पास एडवोकेट्स चैंबर बिल्डिंग, गली नंबर-4 में फिनार्क लीगल पर अधिकृत डाक बुकिंग काउंटर शुरू किया जा रहा है। इस सुविधा से अधिवक्ताओं को कानूनी नोटिस, जवाब, दस्तावेज और अन्य जरूरी कागजात भेजने के लिए हेड पोस्ट ऑफिस जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। काउंटर पर Speed Post, Registered Post, Parcel सहित भारतीय डाक की अनुमत बुकिंग सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। अधिकृत सिस्टम से बुकिंग, मिलेगी रसीद और ट्रैकिंग अधिवक्ता अजय नौलखा के प्रयासों से शुरू होने वाले इस काउंटर पर बुकिंग भारतीय डाक विभाग के अधिकृत सिस्टम से होगी। प्रत्येक डाक की वैध रसीद के साथ ट्रैकिंग सुविधा भी मिलेगी। बुक की गई डाक निर्धारित प्रक्रिया के तहत हेड पोस्ट ऑफिस से आगे भेजी जाएगी। 3:30 बजे तक बुकिंग तो उसी दिन डिस्पैच काउंटर पर दोपहर 3:30 बजे तक बुक हुई डाक उसी दिन हेड पोस्ट ऑफिस के माध्यम से डिस्पैच की जाएगी, जबकि इसके बाद प्राप्त डाक अगले कार्य दिवस में भेजी जाएगी। अध्यक्ष राठौड़ ने बताया कि अधिवक्ताओं की इस समस्या को लेकर सांसद और डाक विभाग के अधिकारियों से प्रतिनिधिमंडल ने चर्चा की थी। प्रयासों के बाद अब न्यायालय क्षेत्र में ही अधिकृत डाक बुकिंग की सुविधा उपलब्ध होने जा रही है।

# विद्युत तकनीकी कर्मचारियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

## इंटर डिस्कॉम तबादले, ग्रेड-पे सहित विभिन्न मांगों के शीघ्र समाधान की मांग; मांगें नहीं मानी तो चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी

स्मार्ट हलचल

**किशन खटीक रायपुर ।** राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन के राज्य स्तरीय आह्वान पर सोमवार को रायपुर में विद्युत विभाग के तकनीकी कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी के माध्यम से तथा ऊर्जा मंत्री एवं प्रबंध निदेशक के नाम सहायक अभियंता के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में तकनीकी कर्मचारियों ने इंटर डिस्कॉम तबादले शुरू करने सहित विभिन्न मांगों का शीघ्र निराकरण करने की मांग की। कर्मचारियों ने कहा कि उनकी लंबे समय से लंबित न्यायोचित मांगों और ज्वलंत समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जाना चाहिए।



**ये प्रमुख मांगें उठाईं**

इंटर डिस्कॉम तबादला किए जाएं।

2400, 2800 एवं 3600 ग्रेड पे ज्वाइनिंग की तिथि से लागू किया जाए।

सभी तकनीकी कर्मचारियों को हार्ड ड्यूटी अलाउंस प्रदान किया जाए।

सभी कर्मचारियों को निःशुल्क बिजली की सुविधा प्रदान की जाए।

साइकिल अलाउंस के स्थान पर मोटरसाइकिल अलाउंस लागू किया जाए।

विभाग में नए तकनीकी कार्मिकों की भर्ती की जाए।

कर्मचारियों ने कहा कि इन मांगों के साथ अन्य लंबित समस्याओं का भी जल्द समाधान किया जाए। एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन के आह्वान पर तकनीकी कार्मिकों द्वारा चरणबद्ध आंदोलन एवं प्रदर्शन किए जाएंगे।

ज्ञापन देने के दौरान पन्ना लाल रेगर, चौथमल गुर्जर, गोपाल शर्मा, रोशन लाल, सतीश कुमार, जितेंद्र कुमार, महेंद्र सिंह, रामनिवास गुर्जर, उदय राम, इमरत सैनी, पिंटू मीणा, पुष्पेंद्र आर्य, पुष्पेंद्र शर्मा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### बम-बम भोले के जयकारों से गूंजी वस्त्रनगरी

# भीलवाड़ा में निकली 5 वीं 'जय भोले' कांवड़ यात्रा, सैकड़ों की तादाद में कांवड़िए हुए शामिल

स्मार्ट हलचल





**पुनित चपलोत भीलवाड़ा।** सावन के पावन अवसर पर वस्त्रनगरी भीलवाड़ा सोमवार को शिवभक्ति में डूबी नजर आई। चारों ओर गूंजते 'बम-बम भोले' और 'जय शिव शंभू' के जयकारों के बीच टीम 'जय भोले' लेबर कॉलोनी के तत्वावधान में 5वीं विशाल कांवड़ यात्रा निकाली गई। हजारों शिवभक्तों की मौजूदगी में निकली इस भव्य यात्रा ने शहर को भक्तिमय बना दिया। लेबर कॉलोनी स्थित नर्मदाश्वर महादेव मंदिर से सुबह 8.15 बजे शुरू हुई यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई प्रसिद्ध हरणी महादेव मंदिर पहुंची। यहां हरिद्वार एवं ऋषिकेश से लाए गए पावन गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया। संयोजक एवं पूर्व पार्षद जितेंद्र सिंह राजावत की अगुवाई में निकली कांवड़ यात्रा का शहर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग यात्रा देखने के लिए उमड़े। श्रद्धालु कांवड़ लेकर शिवभक्ति में लीन नजर आए। इस बार कांवड़ यात्रा में धार्मिक आस्था के साथ सांस्कृतिक रंग भी देखने को मिला। पुणे से विशेष रूप से आया 'शिखंडी ढोल व ताशा पथक' यात्रा का सबसे बड़ा आकर्षण रहा। ढोल-



ताशों की जोशीली और संगीतमय प्रस्तुतियों ने ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु झूम उठे। चित्तौड़गढ़ के जय हनुमान बैंड ने भी अपनी प्रस्तुतियों से वातावरण को शिवमय कर दिया। हरियाणा के पुंडरी से आए महादेव आर्ट्स ग्रुप की जीवंत धार्मिक झांकियों ने भी लोगों का ध्यान खींचा। नंदी बैल, गोरिल्ला, महाकाल शंकर, अघोर महाकाल, अघोरी और महाकाली की सजीव प्रस्तुतियां यात्रा की भव्यता बढ़ाती रहीं। वहीं जयपुर से विशेष रूप से बुलाए गए दो शाही गजराज और विशालकाय शिव प्रतिमाएं आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं। आयोजन से जुड़े पूर्व पार्षद जितेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि अमरनाथ यात्रा में श्रद्धालुओं को 'जय भोले' कहकर संबोधित करने की परंपरा है। इसी परंपरा और भावना से प्रेरित होकर कांवड़ यात्रा का नाम 'जय भोले कांवड़ यात्रा' रखा गया। उन्होंने बताया कि यात्रा का आयोजन लगातार पांचवें वर्ष किया गया है और हर वर्ष इसमें श्रद्धालुओं की भागीदारी बढ़ रही है। अध्यक्ष अनिल चौहान एवं सचिव सौरभ साहनी ने बताया कि यात्रा मार्ग में शिवभक्तों के लिए पानी, फलाहार और स्वास्थ्य सेवाओं के विशेष इंतजाम किए गए थे। नर्मदाश्वर महादेव मंदिर से हरणी महादेव तक पूरा मार्ग शिवभक्ति के जयकारों से गूंजता रहा। हरणी महादेव मंदिर पहुंचने पर सामूहिक आरती की गई और भगवान भोलेनाथ का गंगाजल से अभिषेक किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। भक्ति, आस्था और उत्साह से सराबोर जय भोले कांवड़ यात्रा का धार्मिक उल्लास के बीच समापन हुआ।

# बनेड़ा में धूमधाम से मनाया विश्व आदिवासी दिवस, निकली विशाल वाहन रैली...

## जल, जंगल और जमीन की रक्षा का लिया संकल्प, शिक्षा व सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन पर हुआ मंथन

स्मार्ट हलचल

**रिपोर्टर सुरज वर्मा** बनेड़ा में संयुक्त राष्ट्र संघ (UNO) द्वारा घोषित विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रविवार, 9 अगस्त 2026 को भील समाज की ओर से बनेड़ा तहसील में जिला स्तरीय कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर रायला से बनेड़ा तक विशाल वाहन रैली, डीजे एवं जनसभा का आयोजन हुआ, जिसमें जिलेभर से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।कार्यक्रम के तहत रायला ईरास चौराहे पर समाजजन एकत्रित हुए, जहां हरी झंडी दिखाकर विशाल वाहन रैली को रवाना किया गया। रैली रायला गांव, लोठियास चौराहा, काला का खेड़ा स्थित बाबा रामदेवजी मंदिर, लाम्बिया खुर्द, सरदारपुरा, सालरिया कला होते हुए बनेड़ा पहुंची। रैली माली मोहल्ला, पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड एवं तहसील कार्यालय के सामने से गुजरते हुए अक्षय स्मारक माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पहुंची, जहां दोपहर करीब 3 बजे



जनसभा का आयोजन किया गया, जो शाम तक चली।जनसभा में समाज के वक्ताओं ने शिक्षा, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, अत्याचार, सामाजिक एवं राजनीतिक अधिकारों तथा समाज के विकास सहित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। वक्ताओं ने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा को सबसे महत्वपूर्ण आधार बताते हुए बच्चों एवं युवाओं को शिक्षित करने पर विशेष जोर दिया। इस दौरान जल, जंगल और जमीन की रक्षा करने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प लिया गया। आगामी पंचायत राज चुनावों में युवाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें राजनीतिक क्षेत्र में अवसर देने पर भी चर्चा हुई। सभा में आरक्षण के उप-वर्गीकरण के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आरक्षण के उप-वर्गीकरण को लेकर दिए गए निर्णय के बाद पंजाब, हरियाणा, कर्नाटक सहित अन्य राज्यों में लागू व्यवस्था की तर्ज पर राजस्थान में भी इसे लागू किए जाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। कार्यक्रम में बनेड़ा सहित आसींद, हुरड़ा, सावर, रायपुर, भीलवाड़ा एवं अन्य क्षेत्रों से समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, युवा एवं बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम में रमेश भील, भैरूलाल भील, श्रवण भील, नानूराम भील, घासीराम भील, सोनू भील, कैलाशचंद्र भील, रामधन भील, सांवरलाल भील, घीसूलाल भील, सेणुन्दा के सांवर भील, गणपत भील शिवपुर, रतन भील रायपुर, सुरेश भील, ज्ञानचंद भील, गणेश भील, कन्हैयालाल भील गोरखिया, सांवर भील RPS, गोविंद भील RPS, लक्ष्मण राणा सिगर, महेंद्र राणा सिगर, सोहनलाल भील बनेड़ा, नवीन भील, राहुल भील, रिंकू भील, भैरूलाल भील, हरिलाल भील देवा का खेड़ा, धनराज भील सालरिया कला, नारायणलाल भील तहसील अध्यक्ष काला का खेड़ा, नेनाराम भील, मोडीराम भील, राजकुमार भील, नारूलाल भील प्रदेशाध्यक्ष, कैलाशचंद्र भील जिलाध्यक्ष भीलवाड़ा, सकरी देवी पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं माया महाराज कन्कोलिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। मंच संचालन रायमल भील दशाणा ने किया। बनेड़ा तहसील में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए सभी तहसीलों के समाजजनों का ईश्वरलाल भील देवा का खेड़ा, युवा जिला महासचिव ने आभार व्यक्त किया।

## तकनीकी कर्मचारियों ने काफी समय से लंबित चली आ रही मांगों के समाधान हेतु अतिरिक्त जिला कलेक्टर को दिया ज्ञापन



स्मार्ट हलचल

**बूंदी-** राजस्थान विधुत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन बेनर तले,तकनीकी कर्मचारियों ने लंबे समय से चली आ रही जायज़ मांगों एवं कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 10 अगस्त 2026 को सुबह 10:30 बजे जिले के सभी उपखंडों पर भी ज्ञापन दिया है,इसी संदर्भ में बूंदी शहर के विद्युत विभाग में कार्यरत तकनीकी कर्मचारियों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को बूंदी में ज्ञापन दिया। तकनीकी कर्मचारियों का कहना है कि, यह केवल ज्ञापन देने का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि हम सभी के हक, अधिकार और सम्मान की आवाज़ को मजबूती के साथ सरकार एवं निगम प्रबंधन तक पहुंचाने का अवसर है। कर्मचारियों की मांग है कि इंटर-डिस्कॉम ट्रांसफर नीति लागू की जावे। नियुक्ति तिथि से टाइम-बाउंड पदोन्नति का लाभ 2400 / 2800 / 3600 / 4200 ग्रेड पे लागू लागू किया जावे। हार्ड ड्यूटी अलाउंस दिया जावे। कार्यरत कर्मचारियों को निःशुल्क बिजली सुविधा दी जावे।साइकिल की एलाउंस के स्थान पर मोटर साइकिल अलाउंस दिया जावे तकनीकी पदों का पुनर्गठन एवं नई भर्ती पदोन्नति से संबंधित लंबित मांगों का शीघ्र समाधान किया जावे ज्ञापन देने वालों में दीपक राठौड़, मोइनुद्दीन अंसारी, सुरेश कुमार शर्मा, सोहनलाल प्रजापत, सोनू कुमार शर्मा, शंकर लाल मालव, गिरिराज धाभाई ,निरंजन कुमावत ,हरिओम गॉड ,अंकित शर्मा ,राधेश्याम मालव, मनोज प्रजापत ,परमेश्वर रेगर, पंकज मीणा सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

## ब्यावर में सातवें दिन भी गरमाया श्री सीमेंट विरोधी आंदोलन: प्रबंधन के तीन अधिकारियों का फूंका पुतला, कांग्रेस भाजपा और 'आप' का मिला समर्थन



स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** जल, जमीन, पर्यावरण, कृषि और स्थानीय रोजगार के अधिकारों की रक्षा के लिए श्री सीमेंट के खिलाफ ग्रामीणों का धरना सातवें दिन भी उग्र तेवरों के साथ जारी रहा। मांगों का कोई समाधान न निकलने से आक्रोशित ग्रामीणों ने श्री सीमेंट मैनेजमेंट के अधिकारियों–नीरज शर्मा, विकास सिंघल और प्रशांत बाबू के पुतलों का दहन कर जोरदार विरोध जताया।

### तीनों प्रमुख दलों के नेता आए साथ

आंदोलन को राजनीतिक गलियारों से भी बड़ा बल मिला है। धरना स्थल पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी, आम आदमी पार्टी के स्वास्थ्य प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष इकबाल काठात और भारतीय जनता पार्टी के अभिषेक सिंह चौहान ने पहुंचकर ग्रामीणों को अपना पूर्ण समर्थन दिया। तीनों नेताओं ने ग्रामीणों की मांगों को जायज ठहराते हुए कहा कि वे इस लड़ाई में पूरी मजबूती से ग्रामीणों के साथ खड़े हैं।

### वार्ता की मांग, उग्र आंदोलन की चेतावनी

धरना स्थल पर मीडिया से बातचीत में इकबाल काठात, अमीन काठात और सलीम काठात ने कहा कि ग्रामीण पिछले सात दिनों से शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें रख रहे हैं, लेकिन प्रबंधन की अनदेखी के कारण उन्हें पुतला दहन जैसा कदम उठाना पड़ा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन जल, जमीन, पर्यावरण, कृषि और युवाओं के भविष्य से जुड़ा है। संघर्ष समिति ने प्रशासन से मांग की है कि श्री सीमेंट मैनेजमेंट और ग्रामीणों के प्रतिनिधियों के बीच तुरंत वार्ता करवाकर ठोस समाधान निकाला जाए। चेतावनी दी गई कि यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और अधिक उग्र रूप लेगा।

### ये लोग रहे उपस्थित

प्रदर्शन के दौरान भारत काठात खरवा, फिरोज काठात, मजीत काठात, अजमत काठात, समस्त संघर्ष समिति के सदस्य, बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, युवा और महिलाएं धरना स्थल पर डटे रहे।

# श्रमिकों की हुंकार से गूंजा चित्तौड़गढ़, संयुक्त श्रम संगठनों ने सौंपा 11 सूत्रीय मांग-पत्र

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़।** केंद्र सरकार की श्रमिक, कर्मचारी, किसान एवं आमजन विरोधी नीतियों के विरोध में केंद्रीय श्रम संयुक्त श्रम संगठन, राजस्थान जिला चित्तौड़गढ़ के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को श्रमिक संगठनों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद जिला कलेक्टर कार्यालय के माध्यम से राष्ट्रपति महोदय के नाम 11 सूत्रीय मांग-पत्र सौंपा गया। मांग-पत्र में चार श्रम संहिताओं को रद्द करने, सभी श्रम कानूनों को बहाल करने, मनरेगा को पुनः बहाल कर 200 दिन रोजगार देने, न्यूनतम वेतन ?30,000 प्रतिमाह लागू करने, बिजली के निजीकरण पर रोक लगाने, अग्निवीर योजना समाप्त करने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, ठेका एवं संविदा कर्मचारियों को स्थायी करने तथा




रिक्त पदों पर स्थायी नियुक्तियां करने सहित विभिन्न मांगें प्रमुखता से उठाई गईं। बिजली कर्मचारी संघ इंटक से शुभम श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आंदोलन केवल ज्ञापन देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के मेहनतकश श्रमिकों और कर्मचारियों के अधिकारों की बुलंद आवाज है। उन्होंने कहा कि श्रमिक और कर्मचारी देश की अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव हैं तथा उनके अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। संयुक्त श्रम संगठनों की एकजुटता के साथ श्रमिक हितों की यह लड़ाई आगे भी मजबूती से जारी रहेगी। कार्यक्रम में इंटक जिला अध्यक्ष सत्यनारायण मेनारिया, सीटू से कालूराम सुथार, वीर सिंह राठौड़ (चित्तौड़ सीमेंट वर्क्स), प्रांतीय विद्युत मंडल मजदूर फेडरेशन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विमलचंद जैन, बिजली कर्मचारी संघ इंटक जिला चित्तौड़गढ़ के अध्यक्ष जितेंद्र मीणा एवं महामंत्री जाकिर हुसैन सहित विभिन्न श्रम संगठनों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं आशा सहयोगिनी कर्मचारी संघ की विभिन्न महिला कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। महिला शक्ति की उत्साहपूर्ण मौजूदगी ने कार्यक्रम को और मजबूती प्रदान की तथा श्रमिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों ने एकजुट होकर अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की और सरकार से श्रमिक एवं कर्मचारी हितों में आवश्यक कदम उठाने की मांग की।

# अखिल भारत हिन्दू क्रान्ति सेना का 'घर-घर गंगाजल अभियान' शुरू, प्रथम चरण में मठ-मंदिरों तक पहुंचेगा गंगाजल

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** सनातन संस्कृति, धार्मिक आस्था एवं मां गंगा की पवित्रता को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ अखिल भारत हिन्दू क्रान्ति सेना द्वारा 'घर-घर गंगाजल अभियान' का भव्य विमोचन धार्मिक एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संत समाज, सामाजिक कार्यकर्ताओं और संगठन के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन में वक्ताओं ने कहा कि सनातन परंपरा में मां गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि करोड़ों सनातनियों की आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक हैं। जन्म, विवाह, पूजा-पाठ से लेकर अंतिम



संस्कार तक गंगाजल का विशेष महत्व है। इस अभियान का मूल ध्येय हर सनातनी परिवार में गंगाजल की उपलब्धता सुनिश्चित कर धार्मिक संस्कारों को मजबूत करना है। अभियान के संयोजक नाहर सिंह चुंडावत ने बताया कि प्रथम चरण में विशेष रूप से मठों और मंदिरों तक गंगाजल पहुंचाया जाएगा। इसके बाद अभियान का विस्तार कर इसे प्रत्येक सनातनी घर तक ले जाया जाएगा। विमोचन के अवसर पर अखिल भारत हिन्दू क्रान्ति सेना के राष्ट्रीय संरक्षक भंवर सिंह पलाड़ा, राष्ट्रीय अध्यक्ष आनन्द सोनी, ब्यावर के चार बार से विधायक शंकर सिंह रावत, निवर्तमान सभापति नरेश कनौजिया, सेवानिवृत्त एडिशनल एसपी नेम सिंह, हिन्दू हेल्पलाइन प्रांत प्रमुख मुकेश सोनी, प्रदेश प्रभारी मनीष पालीवाल, प्रदेश प्रमुख कुलदीप बोहरा, ब्यावर जिला अध्यक्ष रतन गुर्जर, ब्यावर नगर अध्यक्ष सोनू चौहान, धीरज गुरबाणी, प्रणव गहलोत एवं एडवोकेट हनुमान सिंह राठौड़ सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता और धर्मप्रेमी नागरिक उपस्थित रहे। सभी उपस्थित जनों ने अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने और नई पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन मां गंगा के जयघोष के साथ हुआ।

## शांतिभवन सेन्थी में उपाध्याय केवल मुनि जी म.सा. की जन्म जयंती दयाव्रत एवं गुणानुवाद कार्यक्रम के साथ मनाई

स्मार्ट हलचल

**ओम जैन शंभूपुरा।** श्रमण संघ सेन्थी के तत्वावधान में शांतिभवन सेन्थी में उपाध्याय प्रवर गुरुदेव श्री केवल मुनि जी महाराज की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित दयाव्रत एवं गुणानुवाद कार्यक्रम अत्यंत भव्य एवं शानदार रूप से संपन्न हुआ। साध्वी श्री प्रतिभा श्रीजी, साध्वी श्री दीक्षिता श्रीजी, साध्वी श्री प्रेक्षा श्रीजी एवं साध्वी श्री प्रेरणा श्रीजी म.सा. के सानिध्य मे इस पावन अवसर पर 125 से अधिक श्रद्धालुओं ने दयाव्रत का लाभ लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। जिससे सभी की सहभागिता एवं उपस्थिति ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। विशेष रूप से वरिष्ठजनों, श्री जैन दिवाकर महिला मंडल, नवयुवक मंडल के कार्यकर्ता का सहयोग रहा एवं श्रमण संघ सेन्थी ने दयाव्रत के लाभार्थी परिवार मिट्ठूलाल, विनोद कुमार, राकेश, भावेश, जयेश भड़कत्या परिवार का आभार जताया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाएं मौजूद रहे।



## नंदवाई स्कूल में पीटी, परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियां तेज

स्मार्ट हलचल

**महेंद्र धाकड़ बेगूं ।** देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2026के ऐतिहासिक अवसर को भव्य रूप से मनाने के लिए देशभर के साथ साथ क्षेत्र के प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में भी राष्ट्रीय पर्व की तैयारियां शुरू हो गई हैं। महीने के दूसरा सप्ताह शुरू होते ही स्कूल परिसरों में सुबह से ही देशभक्ति गीतों की गूंज और मार्च पास्ट की खनक सुनाई देने लगी है। स्वतंत्रता दिवस के समारोह को आकर्षक बनाने के लिए नंदवाई के स्कूल के खेल मैदान में छात्र छात्राओं को विशेष शारीरिक प्रशिक्षण और परेड का अभ्यास कराया जा रहा है। सांस्कृतिक गतिविधियों को लेकर भी बच्चों और शिक्षकों में उत्साह माहौल है। इसके चलते छात्र छात्राएं सामूहिक नृत्य, देशभक्ति गीतों, लघु नाटकों और भाषण प्रतियोगिता की रिहर्सल में जुटे हैं। नन्हे-मुन्ने बच्चे जहां देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा धारण कर नाटक मंचन की तैयारी कर रहे हैं। समारोह में नंदवाई के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। विद्यालय प्रशासन ने सभी तैयारियाँ समय पर पूरी करने के निर्देश दिए हैं।



### देवपुरी में गूंजा हर-हर महादेव, 108 पार्थिव शिवलिंगों के महापूजन में उमड़ा आस्था का सैलाब

# तीन हजार से अधिक शिवभक्तों ने पहुंचकर किए दर्शन, वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से संपन्न हुआ दिव्य आयोजन

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा। मूलचन्द पेसवानी** श्रावण मास के पावन अवसर पर शाहपुरा पंचायत समिति क्षेत्र के देवपुरी स्थित श्री खालका के बालाजी परिसर में ऋण मुक्तेश्वर महादेव के दरबार में सोमवार को आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा कि पूरा क्षेत्र दिनभर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंजता रहा। यहां आयोजित 108 पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं कछवा स्थापना महोत्सव में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में शिवभक्त पहुंचे। आयोजकों के अनुसार दिनभर में तीन हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने आयोजन में भाग लेकर भगवान शिव के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रावण मास, तेरस प्रदोष और धार्मिक अनुष्ठानों के विशेष अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती गई। महिलाओं, पुरुषों और युवाओं के साथ बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की।

**108 पार्थिव शिवलिंगों का विधि-विधान से पूजन-**

कार्यक्रम संयोजक संजय मंत्री ने बताया कि आयोजन वैदिक परंपराओं और धार्मिक विधि-विधान के अनुसार पूरी श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 108 पार्थिव शिवलिंगों का



पूजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का अभिषेक, पूजा-अर्चना और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। उन्होंने बताया कि पूरा आयोजन पं. जगदीशचंद्र दाधीच के निर्देशन एवं सानिध्य में संपन्न हुआ। पं. जगदीशचंद्र दाधीच नर्मदा की तीन बार परिक्रमा कर चुके हैं। उनके निर्देशन में हुए वैदिक अनुष्ठानों ने आयोजन को विशेष धार्मिक स्वरूप प्रदान किया। पूजन के दौरान मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रों की गूंज, धूप-अगरबत्ती की सुगंध और फूलों से सजे शिवलिंगों के बीच श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। श्रद्धालु अपनी बारी का इंतजार करते हुए भगवान शिव की आराधना में लीन नजर आए।

**सुबह से शाम तक शिवभक्ति में डूबा देवपुरी-**

आयोजन के दौरान देवपुरी का माहौल पूरी तरह शिवमय नजर आया। आसपास के गांवों से श्रद्धालु समूहों में आयोजन स्थल पर पहुंचे। कई श्रद्धालु परिवार सहित भगवान ऋण मुक्तेश्वर महादेव के दर्शन करने पहुंचे तो अनेक भक्तों ने पूजा-अर्चना और अभिषेक में सहभागिता की। श्रावण मास के चलते क्षेत्र में पहले से ही शिवभक्ति का माहौल बना हुआ है। कांवड़िए भी मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं। ऐसे में 108 पार्थिव शिवलिंग पूजन के आयोजन ने धार्मिक वातावरण को और भक्तिमय बना दिया। मंदिर परिसर में पूरे दिन 'हर-हर महादेव ', 'बम-बम भोले' के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं में आयोजन को लेकर जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया।

**ऋण मुक्तेश्वर महादेव को लेकर विशेष आस्था-**

देवपुरी स्थित ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर



की अपनी अलग धार्मिक पहचान है। मंदिर को लेकर स्थानीय श्रद्धालुओं में ऐसी मान्यता है कि यहां भगवान शिव को चने की दाल अर्पित करने से ऋण और कर्ज से मुक्ति का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इसी आस्था के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। श्रद्धालु अपनी श्रद्धा के अनुसार चने की दाल अर्पित कर भगवान शिव से ऋण मुक्ति, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना करते हैं। सोमवार के आयोजन में भी कई श्रद्धालुओं ने भगवान ऋण मुक्तेश्वर महादेव के समक्ष चने की दाल सहित विभिन्न पूजन सामग्री अर्पित की। इसी मान्यता ने देवपुरी के ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर को क्षेत्र में विशेष पहचान दिलाई है।

**श्रद्धालुओं में दिखा गजब का उत्साह-**

कार्यक्रम संयोजक संजय मंत्री ने बताया कि आयोजन को लेकर ग्रामीणों और शिवभक्तों में शुरुआत से ही काफी उत्साह था। उम्मीद से कहीं अधिक संख्या में श्रद्धालु आयोजन स्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि वैदिक अनुष्ठान, पूजा-अर्चना और धार्मिक विधि-विधान के साथ कार्यक्रम सानंद संपन्न हुआ। उन्होंने आयोजन में सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं, ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं का आभार जताया। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का आशीर्वाद लेकर धर्म और आस्था के इस महापर्व में अपनी सहभागिता निभाई।

**आस्था, भक्ति और परंपरा का संगम बना आयोजन-**

देवपुरी में संपन्न हुआ यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आसपास के गांवों को भी एक साथ जोड़ने वाला आध्यात्मिक अवसर बन गया। 108 पार्थिव शिवलिंगों का पूजन, वैदिक मंत्रोच्चार, अभिषेक और श्रद्धालुओं की भारी मौजूदगी ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया। तीन हजार से अधिक शिवभक्तों की मौजूदगी ने यह साबित कर दिया कि श्रावण में शिवभक्ति की लहर गांव-गांव तक पहुंच चुकी है। सुबह से शुरू हुई आस्था की यह यात्रा शाम तक जारी रही और देवपुरी का श्री खालका के बालाजी परिसर दिनभर शिवभक्ति के रंग में रंगा रहा। शिवभक्तों की भीड़, वैदिक मंत्रों की गूंज और हर-हर महादेव के जयकारों के बीच 108 पार्थिव शिवलिंग पूजन महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

## हर घर तिरंगा अभियान में रायपुर में गूंजी देशभक्ति, मंत्री अविनाश गहलोत ने निकाली तिरंगा रैली

### दिव्यांगजनों समेत बड़ी संख्या में नागरिक हुए शामिल, तिरंगे के साथ दिया राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर/रायपुर।** 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत आज नगर पालिका रायपुर की ओर से भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लेकर बड़ी संख्या में नागरिकों ने देशभक्ति के नारों के साथ रैली में सहभागिता निभाई। नगर परिषद रायपुर से शुरू हुई रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। रैली में दिव्यांगजनों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए राष्ट्रप्रेम की भावना का परिचय दिया। युवाओं, महिलाओं, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में आमजन रैली में शामिल हुए। रैली के दौरान देशभक्ति गीतों और नारों से पूरा शहर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। मार्ग में आमजन ने तिरंगे का स्वागत करते हुए रैली में शामिल लोगों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। 'हर घर तिरंगा अभियान' प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने आमजन से अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराकर अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। तिरंगा रैली ने शहरवासियों में देशभक्ति, एकता और सामाजिक समरसता की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया।



# श्रावण की भक्ति में शिवमय हुआ निंबाहेड़ा, कांवड़ यात्रा का पुष्पवर्षा से भव्य स्वागत

## पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से कांग्रेसजनों ने नगर कांग्रेस अध्यक्ष बंशीलाल राइवाल की उपस्थिति में किया शिवभक्त कांवड़ यात्रियों का आत्मीय अभिनंदन

### 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से गूंजा नगर, पुष्पवर्षा से बढ़ाया कांवड़ यात्रियों का उत्साह





स्मार्ट हलचल

**निंबाहेड़ा(ज़ाकिर हुसैन)** श्रावण मास की पावन बेला में भगवान भोलेनाथ की भक्ति, आस्था और श्रद्धा से सराबोर कांवड़ यात्रा का सोमवार को निंबाहेड़ा में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। निकटवर्ती शाहाबाद स्थित महादेव मंदिर से ढाबेश्वर महादेव मंदिर, निंबाहेड़ा तक निकाली गई कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्त एवं श्रद्धालु धार्मिक उल्लास और उत्साह के साथ शामिल हुए। राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से कांग्रेसजनों द्वारा पेच क्षेत्र स्थित कांग्रेस कार्यालय के पीछे वाले गेट पर निंबाहेड़ा नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राइवाल की उपस्थिति में कांवड़ यात्रा का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान शिवभक्त कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं पर पुष्प बरसाकर उनका आत्मीय स्वागत किया गया तथा भगवान भोलेनाथ के जयकारों के साथ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया गया।

**शाहबाद से ढाबेश्वर महादेव मंदिर तक निकली कांवड़ यात्रा**

शाहाबाद स्थित महादेव मंदिर से विधिवत प्रारंभ हुई कांवड़ यात्रा विभिन्न मार्गों से होकर निंबाहेड़ा पहुंची और ढाबेश्वर महादेव मंदिर की ओर रवाना हुई। यात्रा में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं, युवाओं एवं बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। अनेक कांवड़ यात्री कंधों पर पवित्र कांवड़ धारण किए हुए भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आए। यात्रा के दौरान पूरा मार्ग 'हर-हर महादेव', 'बम-बम भोले' के जयघोष से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं की भक्ति, उत्साह और धार्मिक आस्था से नगर का वातावरण पूरी तरह शिवमय दिखाई दिया।

**पुष्पवर्षा से हुआ शिवभक्तों का आत्मीय अभिनंदन**

कांवड़ यात्रा के पेच क्षेत्र पहुंचने पर पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से कांग्रेसजनों ने नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राइवाल की उपस्थिति में कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत-अभिनंदन किया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने भगवान भोलेनाथ के प्रति अपनी श्रद्धा एवं आस्था प्रकट करते हुए शिवभक्तों का उत्साहवर्धन किया और यात्रा की मंगलकामनाएं दीं। पुष्पवर्षा के बीच कांवड़ यात्रियों का स्वागत होने से वातावरण में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने भी 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष के साथ स्वागत का अभिवादन स्वीकार किया।

**श्रद्धा, सेवा और सामाजिक सौहार्द का संदेश**

श्रावण मास में आयोजित इस धार्मिक यात्रा ने भक्ति, आस्था, सेवा और सामाजिक सौहार्द का सुंदर संदेश दिया। कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में भगवान शिव के प्रति गहरी श्रद्धा देखने को मिली। उपस्थित कांग्रेसजनों एवं क्षेत्रवासियों ने भगवान ढाबेश्वर महादेव से क्षेत्र में सुख-समृद्धि, शांति, खुशहाली एवं सर्वजन मंगल की प्रार्थना की।

**शिवभक्ति में सराबोर नजर आया निंबाहेड़ा**

कांवड़ यात्रा के स्वागत के दौरान नगर का वातावरण पूरी तरह शिवमय नजर आया। श्रद्धालुओं और कांग्रेसजनों ने धार्मिक उत्साह के साथ कांवड़ यात्रियों का स्वागत किया तथा भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र की खुशहाली एवं सभी के मंगल की कामना की। श्रावण मास की पावन बेला में निकली इस कांवड़ यात्रा ने निंबाहेड़ा के धार्मिक वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर निंबाहेड़ा नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राइवाल, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष बलवंत जाट, केली कांग्रेस मंडल अध्यक्ष पिंकेश जैन, अरनिया जोशी कांग्रेस मंडल अध्यक्ष आजाद बापू, चित्तौड़गढ़ जिला फुटबॉल संघ सचिव फैसल खान, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष दीपक धाकड़, नगर कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष शम्शू कमर मंसूरी, पूर्व पार्षद मुफीद मेव, स्थानीय निकाय विभाग जिला सचिव शांतिलाल लाड़ना, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि वेणी राम जाट, एडवोकेट हरिप्रकाश तेली, यू.एस. शर्मा, बाबू खान मेव, मुकेश धाकड़, माणकचंद लाड़ना, करण सिंह जाट, मानसिंह जाट, धर्म सिंह, परसराम जाट, नानूराम अहीर, चमनलाल जाट, मोहनलाल जाट, कमलसिंह जाट, मानसिंह, गोविंद सिंह,करणसिंह, बंटू जाट, रामलाल जाट, वस राज जाट, पप्पूलाल जाट, जगदीश दास, गोपाललाल जाट, आशाराम जाट, कमल सिंह, बागड़ीराम धाकड़, सोहनलाल धाकड़, कन्हैयालाल सुथार, उदयलाल जाट, रामरतन जाट, अंकित जाट, रामसिंह जाट, मुकेश जाट,राहुल जाट, कमल सिंह जाट,महेश मीणा, कमलेश धाकड़, संजय जाट, बापूलाल जाट,सोनू अहीर, विक्रम धाकड़, अमृत जटिया, विपेन्द्र अहीर, विशाल वर्मा, यश मंगनानी, देवीलाल मेघवाल, भगत पंचोली, किशोर पंचोली, श्रवण आंजना, विष्णु मीणा, अनिल मीणा, दिलखुश मीणा, गणेशलाल सोनी, रामचंद्र करोड़ीवाल, रामचंद्र सिंगला, राधाबाई करोड़ीवाल, नारायणी बाई करोड़ीवाल, आशीदेवी लाड़ना, नर्बदा बाई सिंगला, रमेशचंद करोड़ीवाल, जगदीश करोड़ीवाल, नितेश रैगर, सन्नी लाड़ना, निखिल रैगर, हिमांशु रैगर, धीरज रैगर, हर्षित सेन, आशुतोष टांक एवं कांग्रेस कार्यालय प्रभारी ज़ाकिर हुसैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# बिजली विभाग के स्टोर से तांबा चुराने वाला चालक व कबाड़ी गिरफ्तार, 100' माल बरामद

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (JdVVNL) के बर स्थित सरकारी स्टोर से कॉपर वाइंडिंग चोरी करने वाले मुख्य आरोपी वाहन चालक और चोरी का माल खरीदने वाले सह-आरोपी को बर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से शत-प्रतिशत चोरी गया माल (तांबा) बरामद करने में सफलता हासिल की है। अजमेर रेंज महानिरीक्षक डॉ. रवि सभरवाल और ब्यावर जिला पुलिस अधीक्षक रतनसिंह के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया तथा वृताधिकारी (रायपुर) बंशीलाल पाण्डर के सुपरविजन में बर थाना पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

**क्या था पूरा मामला?**

सहायक अभियंता (जो.वि.वि.नि. बर) राजेन्द्र कुमावत ने 7 अगस्त को बर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 5 अगस्त की रात जोधपुर विद्युत वितरण निगम के स्टोर से 1-फेस 16 KVA ट्रांसफार्मर की कॉपर वाइंडिंग चोरी हो गई है। पीड़ित ने स्टोर के सामान परिवहन में लगे वाहन के चालक जितेन्द्रसिंह पर चोरी का संदेह जताया था। रिपोर्ट पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 303(2) और विद्युत अधिनियम की धारा 136 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

**पुलिस टीम ने ऐसे कसा शिकंजा**

थानाधिकारी पन्नालाल (उप निरीक्षक) के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने तकनीकी डेटा और गुप्त सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी जितेन्द्रसिंह को हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ में उसने तांबा चोरी करने और उसे पेमाराम को बेचने की बात कबूल की। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सह-आरोपी पेमाराम को भी धर दबोचा और पूरा चोरी गया माल बरामद कर लिया।

**गिरफ्तार आरोपी**

जितेन्द्रसिंह (30) पुत्र महेन्द्रसिंह राजपूत, निवासी धनारी खुर्द, थाना खेड़ापा, जिला जोधपुर (मुख्य आरोपी/चालक)।

पेमाराम (38) पुत्र सतुराम खटिक, निवासी निमाज रोड, जैतारण, जिला ब्यावर (सह-आरोपी/खरीदार)।

**पुलिस टीम**

इस कार्रवाई में थानाधिकारी पन्नालाल, सउनि नन्दकिशोर सिंह, कांस्टेबल सुनील (608), रामकेश (605), महिपाल (543), हरिराम (632) और गिरधारी (601) की विशेष भूमिका रही।

# गगवाना में कांग्रेस का बढ़ा कुनबा, दर्जनों लोगों ने थामा कांग्रेस का हाथ

स्मार्ट हलचल/नीरज मीणा



**महवा।** पूर्व विधायक डॉ. ओमप्रकाश हुडला ने दिलाई कांग्रेस की सदस्यता, बोले–बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत कर चुनाव की तैयारी में जुटें कार्यकर्ता,गगवाना क्षेत्र में कांग्रेस को उस समय बड़ी मजबूती मिली, जब रिटायर्ड जिला शिक्षा अधिकारी हुकमसिंह मीना सहित दर्जनों नागरिकों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की,पूर्व विधायक डॉ. ओमप्रकाश हुडला ने सभी नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं का कांग्रेस परिवार में स्वागत करते हुए उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। कांग्रेस में शामिल हुए नागरिकों ने कहा कि वे कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों,लोकतांत्रिक मूल्यों एवं सामाजिक न्याय की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा आमजन की आवाज को मजबूती से उठाने और जनता के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है।

इस अवसर पर रिटायर्ड जिला शिक्षा अधिकारी हुकमसिंह मीना ने कहा कि क्षेत्र में कांग्रेस की नीतियों और नेतृत्व के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। बड़ी संख्या में नागरिकों का कांग्रेस से जुड़ना इस बात का संकेत है कि जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि नए कार्यकर्ताओं के जुड़ने से संगठन को नई मजबूती मिलेगी और जनसेवा के कार्यों को गति मिलेगी। पूर्व विधायक डॉ.ओमप्रकाश हुडला ने नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि आगामी निकाय चुनाव को देखते हुए कार्यकर्ता अभी से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, घर-घर जनसंपर्क बढ़ाने और चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। हुडला ने कार्यकर्ताओं को आह्वान करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

गगवाना में दर्जनों नागरिकों के कांग्रेस में शामिल होने से क्षेत्र में पार्टी के संगठनात्मक विस्तार को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल नजर आया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# चारभुजा मंदिर चोरी मामले को लेकर धरनार्थियों में आक्रोश, नगरपालिका के विभिन्न मामलों की जांच की मांग तेज

## *सावर नगरपालिका के सामने पांचवें दिन भी जारी रहा अनिश्चितकालीन धरना, ग्रामीणों की उमड़ी भीड़*

स्मार्ट हलचल




**दिलखुश मीना सावर (अजमेर) @जिले** की मार्बल नगरी सावर में भगवान चारभुजा नाथ मंदिर में करीब दस वर्ष पूर्व हुई करोड़ों रुपये के सोने-चांदी के आभूषणों की चोरी का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। वहीं सावर नगरपालिका से जुड़े विभिन्न मामलों की जांच की मांग को लेकर नगरपालिका भवन के सामने 6 अगस्त से चल रहा अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। युवा नेता दुर्गेश प्रजापति के नेतृत्व में चल रहे धरने में ग्रामीणों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। धरनार्थियों ने राज्य सरकार एवं प्रशासन से चारभुजा नाथ मंदिर चोरी मामले की निष्पक्ष जांच करवाकर जल्द खुलासा करने तथा नगरपालिका से जुड़े विभिन्न मामलों में उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। धरनार्थियों का कहना है कि सावर के राजघराना गढ़ परिसर स्थित भगवान चारभुजा नाथ मंदिर में वर्ष 2015 में करोड़ों रुपये के सोने-चांदी के आभूषणों सहित हुई चोरी के मामले को लेकर उस समय पूरे सावर को बंद रखकर बस स्टैंड पर धरना-प्रदर्शन किया गया था। ग्रामीणों के अनुसार तत्कालीन डीवाईएसपी राकेश पाल सिंह ने मामले का जल्द खुलासा करने का आश्वासन देकर धरना समाप्त करवाया था। ग्रामीणों का आरोप है कि इसके बाद मामला धीरे-धीरे ठंडे बस्ते में चला गया। अब करीब दस वर्ष बाद यह मामला फिर उठने से क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। धरनार्थियों ने पुलिस एवं प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए मामले की पुनः निष्पक्ष जांच की मांग की है।

**नगरपालिका के विभिन्न मामलों की जांच की मांग**

धरनार्थियों ने सावर नगरपालिका से जुड़े कई मामलों को लेकर भी जांच की मांग उठाई है। उनका आरोप है कि नगरपालिका में आग लगने की घटना में महत्वपूर्ण रिकॉर्ड जलने का मामला संदेहास्पद है, जिसकी उच्च स्तरीय जांच करवाई जानी चाहिए। इसके अलावा नगरपालिका की खातेदारी भूमि के कथित बेचान, अवैधानिक तरीके से ग्रेवल सड़क निर्माण, 100 से अधिक पट्टे जारी किए जाने के आरोपों की जांच की मांग भी की जा रही है। वहीं गोशाला के नाम पर जमीन के कथित अतिक्रमण, सहयोग राशि में कथित अनियमितताओं तथा नगरपालिका की आय के लिए किराए पर संचालित दुकानों से जुड़े मामलों की भी जांच करवाने की मांग धरनार्थियों द्वारा की गई है।

**धरने में भाजपा नेताओं और ग्रामीणों की भागीदारी**

धरने के पांचवें दिन भी ग्रामीणों एवं भाजपा नेताओं के धरनास्थल पर पहुंचने का सिलसिला दिनभर जारी रहा। धरनार्थियों ने मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही है। धरनार्थियों का कहना है कि चारभुजा नाथ मंदिर चोरी मामले सहित नगरपालिका से जुड़े सभी आरोपों की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच होने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविकता सामने आ सकेगी।

# विहिप की जिला बैठक में छह माह की कार्ययोजना पर मंथन, नवीन दायित्वों की घोषणा की गई

### अशोक सिंघल जन्म शताब्दी सहित विभिन्न आयोजनों की तैयारियों पर चर्चा, संगठन विस्तार को लेकर बनी रणनीति



स्मार्ट हलचल

**निंबाहेड़ा,** विश्व हिंदू परिषद की जिला बैठक रविवार को प्रखंड डूंगला स्थित ऐलवा माता मंदिर परिसर में आयोजित हुई। बैठक में आगामी छह माह के संगठनात्मक कार्यों एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के साथ जिला, प्रखंड एवं खंड स्तर तक संगठन को अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने को लेकर विस्तृत मंथन किया गया। बैठक का शुभारंभ विभाग मंत्री विश्वनाथ टांक, जिला अध्यक्ष प्यारचंद सेन, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र धूत, भगवती शर्मा, जिला मंत्री भरत पालीवाल एवं जिला संयोजक शमशेर सिंह बम्बोरी ने श्रीराम दरबार के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। जिला मंत्री भरत पालीवाल ने बताया कि बैठक को संबोधित करते हुए विभाग मंत्री विश्वनाथ टांक ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए संगठन के कार्यों को समाज तक प्रभावी एवं व्यवस्थित ढंग से पहुंचाने की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से आगामी छह माह के कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में अशोक सिंघल जन्म शताब्दी वर्ष, संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं जयंती महोत्सव, अखंड भारत संकल्प दिवस, रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस, दुर्गाष्टमी, महर्षि वाल्मीकि जयंती, दीपोत्सव, गोपाष्टमी, हितचिंतक अभियान एवं शौर्य दिवस सहित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन एवं तैयारियों पर चर्चा की गई।

**नवीन दायित्वों की घोषणा**

बैठक के दौरान जिला मंत्री भरत पालीवाल ने जिला एवं प्रखंड स्तर पर नवीन दायित्वों की घोषणा की। इसके तहत निंबाहेड़ा जिले में जिला समरसता प्रमुख विजय माली, धर्म प्रसार प्रमुख गोविंद पाटीदार, मठ मंदिर प्रमुख चंचल आमेटा, निंबाहेड़ा नगर बजरंग दल संयोजक प्रकाश चंद्र जाट, सह संयोजक कुलदीप वैष्णव, धर्माचार्य संपर्क प्रमुख नाथूलाल कदमालिया तथा सह प्रचार प्रमुख कन्हैया नाथ को दायित्व सौंपे गए। इसी प्रकार निंबाहेड़ा ग्रामीण प्रखंड उपाध्यक्ष सोहन लाल मेनारिया, प्रखंड सह मंत्री प्रदीप जायसवाल, छोटी सादड़ी प्रखंड संयोजक सूचित पाटीदार, सहसंयोजक नागेश माली एवं भव्य जैन, विधि प्रमुख नंदकिशोर जनवा, भदेसर प्रखंड बजरंग दल संयोजक प्रवीण मेनारिया को भी नवीन दायित्व दिए गए। डूंगला प्रखंड अध्यक्ष मुकेश व्यास, उपाध्यक्ष उदय लाल गायरी, मंत्री अंबालाल मेनारिया, संयोजक मनीष सोनी, सहसंयोजक पंकज खटीक, गौरक्षा प्रमुख अरविंद गायरी, प्रचार प्रमुख गोपाल मेनारिया, दुर्गा वाहिनी संयोजिका श्वेता सामर को दायित्व सौंपा गया। वहीं बड़ी सादड़ी प्रखंड सहमंत्री दिनेश माली, संयोजक राहुल माली, धर्म प्रसार सहप्रमुख बलवीर सिंह, मातृशक्ति सहसंयोजिका तनुजा आमेटा, दुर्गा वाहिनी सह संयोजिका पद्मा सेन तथा शक्ति साधना केंद्र प्रमुख भारती सालवी को भी नवीन जिम्मेदारियां दी गईं। बैठक में जिला कार्यकारिणी से सुरेश कुदाल, लक्ष्मण सोनी, अर्जुन मेनारिया, हेमलता लड्ढा एवं मीना राठौड़ तथा प्रखंड स्तर से संजय धींग, गोपाल पाटीदार, दिनेश धींग, सुधीर कुमावत, आलोक माहेश्वरी एवं महेश टेलर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला संयोजक शमशेर सिंह बम्बोरी ने किया तथा आभार जिला अध्यक्ष प्यार चंद सेन ने व्यक्त किया।

# नशामुक्त युवा भारत अभियान में कल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय का शानदार प्रदर्शन

## नुक्कड़ नाटक और संगीत प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चित्तौड़गढ़ का करेंगे प्रतिनिधित्व...

स्मार्ट हलचल



**निम्बाहेड़ा** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के 'मेरा युवा भारत' के तत्वावधान में आयोजित 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' कार्यक्रम की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में श्री कल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नुक्कड़ नाटक एवं संगीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया। जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर दोनों विजेता टीमों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जहां वे चित्तौड़गढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।

**नशामुक्त समाज का दिया प्रभावी संदेश**

युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने, नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश देने तथा युवाओं की रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित प्रतियोगिताओं में विभिन्न संस्थानों की टीमों ने भाग लिया। श्री कल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय की टीमों ने अपनी प्रभावशाली एवं संदेशपरक प्रस्तुतियों से निर्णायकों का ध्यान आकर्षित करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में मीरा डांगी, गायत्री हरिजन, मनीष कुमावत, ममता वैष्णव, विष्णु जाट, आँचल सोलंकी, शीतल सालवी, प्रीति हरिजन, पवन प्रजापत सहित अन्य टीम सदस्यों ने प्रभावी अभिनय के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों और उससे दूर रहने का संदेश दिया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से युवाओं को नशे से बचने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं संगीत प्रतियोगिता में काजल मेघवाल ने शानदार प्रस्तुति देकर जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों टीमों की प्रस्तुतियों को दर्शकों एवं निर्णायकों की सराहना मिली।

**मार्गदर्शन एवं सहयोग से मिली सफलता**

प्रतियोगिता की तैयारियां सहायक आचार्य आकाश टांक के निर्देशन में की गईं। तैयारी के दौरान सहायक आचार्य मेघा मंत्री एवं कुसुम गुर्जर का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। टीम के सदस्यों ने नियमित अभ्यास एवं बेहतर समन्वय के साथ प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन किया।

**विश्वविद्यालय परिवार ने दी बधाई**

इस शानदार उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की चेयरपर्सन कैलाश चन्द्र मूंदड़ा, कुलपति प्रो. महेश दीक्षित एवं अधिष्ठाता डॉ. स्मिता शर्मा ने विजेता विद्यार्थियों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय की दोनों टीमों के जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने से विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समूचे विश्वविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। अब दोनों विजेता प्रस्तुतियां राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चित्तौड़गढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। विश्वविद्यालय परिवार को उम्मीद है कि विद्यार्थी जिला स्तर की सफलता को राज्य स्तर पर भी दोहराते हुए चित्तौड़गढ़ जिले एवं श्री कल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित करेंगे।

# गांव की चौपाल की चर्चा से बने देश की किसान हितैषी नीति : भारतीय किसान संघ

## मेरठ में अखिल भारतीय प्रबंध समिति की दो दिवसीय बैठक संपन्न; 30 सितंबर को दिल्ली में महिला किसान सम्मेलन






स्मार्ट हलचल

**नई दिल्ली/मेरठ/जयपुर।** भारतीय किसान संघ की दो दिवसीय अखिल भारतीय प्रबंध समिति की बैठक उत्तर प्रदेश के मेरठ स्थित माधव कुंज परिसर सभागार में संपन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार, किसान हितों से जुड़े विभिन्न विषयों, एथेनॉल, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते, जीन एडिट फसलों तथा आगामी महिला किसान सम्मेलन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने बैठक में हुए चिंतन-मंथन की जानकारी देते हुए कहा कि संगठन का ध्येय है कि गांवों की चौपाल पर होने वाली चर्चा देश की नीति बनाने वालों तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि आगामी वर्ष भारतीय किसान संघ का सदस्यता वर्ष है। इसके तहत देश के अधिक से अधिक गांवों में सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को मजबूत करने पर चर्चा हुई।

**एथेनॉल को लेकर किसान संघ ने स्पष्ट किया मत**

एथेनॉल को लेकर जारी राजनीतिक बयानबाजी पर मोहिनी मोहन मिश्र ने कहा कि किसान संघ के अनुसार एथेनॉल से किसानों की आय बढ़ने के साथ पर्यावरण सुधार में भी मदद मिली है। साथ ही यह विदेशी मुद्रा के संरक्षण की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जब किसानों को बाजार में अच्छे मूल्य मिलने की संभावना बनती है, तब कुछ लोग महंगाई का मुद्दा उठाकर किसानों को बेहतर मूल्य मिलने का विरोध करने लगते हैं। किसान हितैषी लोगों को इस विषय पर अपना पक्ष स्पष्ट रूप से रखना चाहिए।

**भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर भी हुई चर्चा**

बैठक में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। महामंत्री ने बताया कि फिलहाल समझौते को लेकर वार्ता रुकी हुई है। सरकार की ओर से कृषि, डेयरी और फिशरी से संबंधित क्षेत्रों में समझौता नहीं किए जाने की बात कही गई है। किसान संघ ने कहा कि वार्ता दोबारा शुरू होने पर संगठन पूरे विषय पर नजर रखेगा।

**30 सितंबर को दिल्ली में महिला किसान सम्मेलन**

भारतीय किसान संघ आगामी 30 सितंबर को दिल्ली में महिला किसान सम्मेलन आयोजित करने की तैयारी कर रहा है। यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष के अवसर पर किया जाएगा। सम्मेलन में देशभर से हजारों महिलाओं के शामिल होने की संभावना जताई गई है। सम्मेलन में खेती, गौ आधारित जैविक खेती, विषमुक्त भोजन, रोगमुक्त जीवन, स्वावलंबन और परिवार प्रबोधन जैसे विषयों पर चर्चा प्रस्तावित है। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर भी प्रबंध समिति की बैठक में विचार-विमर्श किया गया।

**जीन एडिट फसलों को लेकर जताई आपत्ति**

महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने जीन एडिट फसलों को लेकर भी संगठन का पक्ष रखा। उन्होंने बीटी कपास का उदाहरण देते हुए कहा कि अधिक उत्पादन के नाम पर ऐसी तकनीकों के प्रयोग से स्वावलंबन प्रभावित हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि जीन एडिट चावल के माध्यम से भी चावल के क्षेत्र में स्वावलंबन को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। भारतीय किसान संघ ने इसका विरोध करते हुए इसकी घोर निंदा की।

**ये रहे उपस्थित**

बैठक में भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष के. साईं रेड्डी, महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र, उपाध्यक्ष राम भरोस वासोतिया, पेरुमल, विशाल चंद्राकर, सुशीला विश्नोई, कोषाध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख एवं किसान संघ के संपर्क अधिकारी रामलाल सहित देशभर के प्रदेश एवं प्रांतों के अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, क्षेत्र संगठन मंत्री और प्रांत संगठन मंत्री उपस्थित रहे।

# माउंट आबू में 28-29 नवम्बर को होगा दो दिवसीय बर्ड फेस्टिवल

## प्रदेशभर के 250 स्कूलों के विद्यार्थी होंगे शामिल, पक्षी पहचान से लेकर चित्रकला व निबंध प्रतियोगिताएं होंगी आयोजित

स्मार्ट हलचल



**उदयपुर,** माउंट आबू में आगामी 28 एवं 29 नवम्बर को दो दिवसीय बर्ड फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा। वन विभाग, ग्रीन पीपल सोसाइटी एवं WWF के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले इस फेस्टिवल में प्रदेशभर के करीब 250 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में पक्षियों एवं जैव विविधता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ ही उनके संरक्षण के लिए भावी पीढ़ी को तैयार करना है। ग्रीन पीपल सोसाइटी की सोमवार को टाउन प्लानर्स बिल्डिंग, उदयपुर में आयोजित मासिक बैठक में महोत्सव की रूपरेखा एवं तैयारियों पर विस्तार से चर्चा कर आयोजन को लेकर विभिन्न निर्णय लिए गए। महोत्सव में विद्यार्थियों के लिए चित्रकला, पोस्टर निर्माण, निबंध लेखन एवं पक्षी पहचान सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही एनसीसी एवं स्काउटिंग से जुड़े विद्यार्थियों को भी विशेष रूप से सहभागी बनाया जाएगा।

**शिक्षकों के लिए होगी विशेष कार्यशाला**

महोत्सव के तहत प्रत्येक चयनित विद्यालय से एक-दो शिक्षकों को आमंत्रित किया जाएगा। इन शिक्षकों के लिए विशेष पक्षी जागरूकता एवं संरक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को पक्षियों की पहचान, उनके पारिस्थितिक महत्व और संरक्षण की आवश्यकता से परिचित कराना है, ताकि वे विद्यालयों में विद्यार्थियों को पक्षी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति निरंतर जागरूक कर सकें। बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि पक्षी महोत्सव को केवल एक प्रतियोगितात्मक आयोजन तक सीमित न रखते हुए इसे विद्यार्थियों को प्रकृति से जोड़ने और जैव विविधता के संरक्षण का व्यापक जन-जागरूकता अभियान बनाया जाए। बैठक में जयपुर से आए सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी श्री विक्रम सिंह, श्री राहुल भटनागर, श्री सुहेल मजबूर, श्री इंद्रजीत माथुर, श्री प्रताप सिंह चुंडावत सहित सोसाइटी के अन्य सदस्य एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। ग्रीन पीपल सोसाइटी ने महोत्सव को व्यापक एवं सफल बनाने के लिए वन विभाग, शिक्षा विभाग, विद्यालयों, एनसीसी, स्काउटिंग संगठनों तथा अन्य संबंधित संस्थाओं से सक्रिय सहयोग की अपील की है।

# महिला सुरक्षा को लेकर ब्यावर में गूंजा जागरूकता का संदेश, डीजीपी मालिनी अग्रवाल ने बालिकाओं से किया संवाद

स्मार्ट हलचल





**अनिल कुमार ब्यावर।** महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत सोमवार को वर्धमान महाविद्यालय में महिला एवं बालिकाओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महानिदेशक पुलिस (यातायात) मालिनी अग्रवाल ने महिलाओं की सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बालिकाओं को आत्मनिर्भर एवं सजग बनने का संदेश दिया। महानिदेशक पुलिस राजस्थान राजीव शर्मा के निर्देशानुसार प्रदेशभर में चलाए गए महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत ब्यावर जिले में भी पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देशन में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया के नेतृत्व में संचालित अभियान की गतिविधियों की जानकारी कार्यक्रम में दी गई। मालिनी अग्रवाल ने महिला सुरक्षा से जुड़ी हेल्पलाइन, राजकॉप सिटीजन एप, कालिका पेट्रोलिंग यूनिट, साइबर सेफ्टी, वरिष्ठ जन सम्बल योजना, नवीन न्याय संहिता सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्कूल-कॉलेजों में बालिकाओं को आत्मरक्षा एवं आत्मनिर्भरता का प्रशिक्षण दिलाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर कमल राम मीणा ने महिलाओं की सुरक्षा तथा राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता मीणा ने राजकॉप सिटीजन एप और आत्मरक्षा के उपायों के बारे में बताया। इस दौरान महिला गरिमा हेल्पलाइन 1090, साइबर हेल्पलाइन 1930, वन स्टॉप क्राइसिस सेंटर, नौकर एवं किरायेदार सत्यापन, कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम, विशाखा गाइडलाइन, पॉक्सो नियमों तथा महिला अपराधों में सजा के प्रावधानों की जानकारी दी गई। बालिकाओं ने भी सवाल पूछकर महिला सुरक्षा से जुड़े विषयों पर जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के बाद आमजन में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मालिनी अग्रवाल ने वर्धमान महाविद्यालय से पुलिस थाना ब्यावर सिटी तक वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ब्यावर सिटी में भी बालिकाओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत जिले में जागरूकता गतिविधियां आगे भी निरंतर जारी रहेंगी।

# बारिश के बीच विधायक डॉ. सुरेश धाकड़ ने की जनसुनवाई, ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

## कमांड मंडल की 10 ग्राम पंचायतों से पहुंचे ग्रामीण; अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश

स्मार्ट हलचल




**पारसोली/बेगूं,** भारतीय जनता पार्टी कमांड मंडल की जनसुनवाई राजगढ़ पंचायत के अटल सेवा केंद्र पर आयोजित हुई। मंडल संयोजक गजेंद्र सिंह राणावत के अनुसार जनसुनवाई में बेगूं विधायक डॉ. सुरेश धाकड़ ने कमांड मंडल की 10 ग्राम पंचायतों से पहुंचे ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके तत्काल समाधान के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान बारिश शुरू हो गई, लेकिन विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनना जारी रखा। विधायक छाता लेकर बारिश के बीच ग्रामीणों की समस्याएं सुनते रहे। संबंधित अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे और समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों की मांग पर विधायक डॉ. सुरेश धाकड़ ने विभिन्न स्थानों पर चारदीवारी, सीसी रोड एवं सामुदायिक भवन निर्माण कार्यों की घोषणा की। वहीं समस्याओं के समाधान में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को फटकार लगाते हुए आमजन की समस्याओं का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए।

विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी पंचायती राज चुनावों को लेकर संगठन को मजबूत करने और एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

**75 वर्षीय महिला ने मांगा मोबाइल नंबर**

जनसुनवाई के दौरान एक भावुक क्षण भी देखने को मिला। करीब 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने विधायक डॉ. सुरेश धाकड़ से उनका मोबाइल नंबर मांगा। विधायक ने सहजता दिखाते हुए स्वयं अपना मोबाइल नंबर महिला को दिया और उनकी समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया। विधायक के इस व्यवहार की ग्रामीणों ने सराहना की।

जनसुनवाई के दौरान बेगूं एसडीएम अंकित सामरिया, बीडीओ सुरेश गिरी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

इस अवसर पर मंडल संयोजक गजेंद्र सिंह राणावत, जिला महामंत्री कैलाश मंत्री, पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर लाल कुमावत, मंडल महामंत्री जीतू धाकड़, किसान मोर्चा अध्यक्ष प्रहलाद, युवा मोर्चा अध्यक्ष गोपाल धाकड़, राघवेंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी राजू धाकड़, मीडिया प्रमुख लाभचंद धाकड़, पप्पू सोमानी, बद्री लाल सांगावत, बद्री लाल घटियानी, दिनेश धाकड़, शंभू लाल, कन्हैया लाल कुमावत, छीत्तर कुमावत, सरपंच भागु जाट, कैलाश प्रजापत, विशाल पितलिया, हिमांशु, कमलेश धाकड़, नगजीराम धाकड़, लाला राम कुमावत, प्रधान गुर्जर, दीपक सिंधी, पप्पू गुर्जर, राधेश्याम धाकड़, प्रकाश कुमावत, ओम सोमानी, लादू लाल कुमावत, शिव सोमानी, कमल कुमावत, शंभू लाल कुमावत सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

जनसुनवाई के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान और क्षेत्र के विकास को गति देने का संकल्प दोहराया गया।

# 400 मासूमों की शिक्षा पर मंडराया संकट! फर्जी पट्टे के विरोध में स्कूल के बाहर गरजे ग्रामीण व छात्र ने किया धरना प्रदर्शन

## 1984 से संचालित विद्यालय की 2.5 बीघा भूमि पर कथित फर्जी पट्टे का आरोप, जांच होने तक कब्जा-सुपुर्दगी रोकने की मांग

### चारागाह भूमि पर कैसे बना 2400 गज का 'फर्जी' पट्टा गोविंदपुरा स्कूल विवाद ने पंचायती राज व्यवस्था पर उठाए सवाल






स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** उपखंड क्षेत्र के राजस्व ग्राम गोविंदपुरा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की भूमि को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। विद्यालय की लगभग 2.5 बीघा भूमि पर एक पक्ष द्वारा वर्ष 1980-81 का कथित फर्जी व कूटरचित पट्टा पेश किए जाने के विरोध में ग्रामीणों, अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने विद्यालय के मुख्य द्वार के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया तथा सड़क जाम कर विरोध जताया।

**400 विद्यार्थियों के भविष्य पर संकट**

स्थानीय निवासियों का कहना है कि उक्त भूमि पर वर्ष 1984 से लगातार विद्यालय संचालित हो रहा है, जिसमें वर्तमान में करीब 400 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। इतने वर्षों में सरकारी मद से विद्यालय भवन, कमरों और चारदीवारी का निर्माण कराया गया है तथा बिजली-पानी के कनेक्शन भी स्वीकृत हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जिस पट्टे के आधार पर भूमि पर दावा किया जा रहा है, वह संदिग्ध है क्योंकि उसमें खसरा नंबर का स्पष्ट उल्लेख नहीं है और तत्कालीन समय में यह भूमि 'चारागाह' श्रेणी में दर्ज थी।

**विधायक पहुंचे धरना स्थल, दिया आश्वासन**

मामले की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक श्री शंकर सिंह रावत धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही जिला शिक्षा अधिकारी (ब्यावर) तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य को तलब किया। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्रकरण की उच्च स्तरीय व निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और विद्यार्थियों के हितों से कोई खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

**जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

वीरेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल–जिसमें गणपत गोवल,गणपत सिंह रावत, निखिल रावत, श्री बाबा रामदेव सेवा समिति के अध्यक्ष चिराग मेघवाल सहित सैकड़ों ग्रामवासी शामिल थे–ने जिला कलेक्टर, ब्यावर को ज्ञापन सौंपा।

**ज्ञापन में मुख्य मांगें:**

वर्ष 1980-81 के कथित पट्टे, पंचायत रिकॉर्ड और राजस्व अभिलेखों की गहनता से निष्पक्ष जांच कराई जाए।

जांच प्रक्रिया पूरी होने तक विद्यालय भूमि की कब्जा-सुपुर्दगी या बेदखली की किसी भी प्रस्तावित कार्यवाही पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए।

विद्यालय में वर्षों से अध्ययनरत बच्चों के शैक्षणिक भविष्य को ध्यान में रखते हुए न्यायोचित निर्णय लिया जाए।

प्रदर्शन के दौरान विजय सिंह, भंवर सिंह, दिलीप सेन, नारायण सिंह, चेतन सिंह, गजेंद्र सिंह, पृथ्वीराज भाट सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व अभिभावक मौजूद रहे।

# सावन की फुहार में खिले उमंग के रंग, रोटरी पद्मिनी ने मनाया सावन उत्सव

## हरियाली, गीत और उमंग के बीच सजा सावन उत्सव, रोटरी पद्मिनी की महिलाओं ने मनाया जश्न

स्मार्ट हलचल



**कोटा।** सावन की हरियाली, लोकगीतों और पारंपरिक उल्लास को जीवंत करते हुए रोटरी क्लब पद्मिनी की ओर से सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। थेकड़ा स्थित एक रिसॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम में 60 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सावन से जुड़े सवालों पर आधारित प्रश्नोत्तरी, सावन गीत प्रतियोगिता सहित विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। क्लब अध्यक्ष दीप्ति राजावत ने कहा कि सावन केवल ऋतु परिवर्तन का पर्व नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं और प्रकृति के प्रति जुड़ाव का प्रतीक है। सावन आते ही वातावरण हरियाली से भर उठता है और लोकजीवन में गीत-संगीत एवं उत्सव का रंग घुल जाता है। सचिव प्रीति शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में सावन से जुड़ी परंपराओं, रीति-रिवाजों और लोक संस्कृति पर आधारित प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। इसके साथ ही सावन गीतों की प्रतियोगिता में महिलाओं ने पारंपरिक गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर वातावरण को संगीतमय बना दिया। क्लब की वरिष्ठ सदस्य प्रीति आनंद ने सावन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में सावन का विशेष स्थान है। यह महीना प्रकृति के नवजीवन, हरियाली, उमंग और सामाजिक मेलजोल का संदेश देता है। सावन के झूले, लोकगीत और पारंपरिक उत्सव हमारी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

## WWE इतिहास में ब्रॉक लैसनर की सबसे खतरनाक फाइट्स

# बिग शो के साथ तो टूट गया था पूरा रिंग

**नई दिल्ली।** ड्ड्ड्ड के महान रेसलर ब्रॉक लैसनर ने पिछले हफ्ते समरस्लैम 2026 के बाद कंपनी को अलविदा कह दिया। मंडे नाइट रॉ के पिछले एपिसोड में ब्रॉक को ट्रिब्यूट दिया गया और उनका नाम एल्यूमिनी लिस्ट में भी डाला गया। उनके करियर का अंत जरूर हार के साथ हुआ लेकिन पिछले 26 साल के करियर में लैसनर ने कई बड़ी उपलब्धियां हासिल कीं। उनके करियर में कई ऐसे यादगार मैच भी रहे जब रिंग या तो खून से लाल रंग में तब्दील हो गया। या एक बार पूरा रिंग ही टूट गया। ब्रॉक लैसनर के करियर की ऐसी ही पांच खतरनाक फाइट्स के बारे में बात करेंगे। इसमें उनकी द अंडरटेकर, जॉन सीना, रोमन रेंस, बिग शो और कोडी रोड्स जैसे बेहतरीन रेसलर्स से हुए मुकाबलों का विवरण है। इसमें से एक मैच उनका और बिग शो का बहुत मशहूर हुआ था जब रिंग ही चारों तरफ से टूट गया था।



- **ब्रॉक लैसनर बनाम बिग शो– स्मैकडाउन, जून 2003–** 2003 में WWE का एक दौर था जब ब्रॉक लैसनर और बिग शो के बीच खतरनाक राइवलरी देखने को मिलती थी। उसी बीच जून 2003 में ब्रॉक लैसनर और बिग शो का मुकाबला एक स्मैकडाउन के शो में हुआ। WWE चैंपियनशिप के लिए हो रहे इस मुकाबले में दोनों के बीच बेहतरीन टक्कर देखने को मिली। इसी दौरान लैसनर ने रस्सी के ऊपर खड़े होकर 500 पाउंड के बिग शो को सुपरप्लेक्स दिया। जैसे दोनों रेसलर रिंग के बीच में गिरते हैं तो रिंग ही चारों तरफ से टूट गया। यह कंपनी के इतिहास में पहली बार देखने को मिला था। इसलिए यह मैच WWE में ब्रॉक लैसनर के सबसे यादगार फाइट्स में से एक है।
- **ब्रॉक लैसनर बनाम जॉन सीना– WWE E&treme Rules 2012–** ब्रॉक लैसनर ने 2012 में अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान कंपनी में वापसी की थी। उस समय उनकी राइवलरी थी जॉन सीना के साथ दोनों के बीच एक्ट्रीम रूल्स 2012 में कांटे की टक्कर देखने को मिली। इस मैच में दोनों रेसलर खून से लथपथ थे। लैसनर ने शुरुआती क्षणों में ही अपनी कोहनी से सीना का सिर लहूलुहान कर दिया था। इस मैच में इसके बाद मेटल चेन जैसे कई खतरनाक उपकरण भी इस्तेमाल हुए।
- **ब्रॉक लैसनर बनाम द अंडरटेकर– WWE No Mercy 2002–** ब्रॉक लैसनर ने 2002 में कंपनी में डेब्यू किया था। उस वक्त उनका नाम मेन रोस्टर में आत ही चर्चा का विषय था। लैसनर ने उस समय के दिग्गज हल्क होगन को हराकर सभी को चौंकाया था। फिर उनका सामना होना था डेडमैन द अंडरटेकर के साथ। नो मर्सी 2002 में दोनों की फाइट तय हुई। इस मैच को जाल में कराया गया। मैच शुरू होने के कुछ ही देर बाद अंडरटेकर के एक प्रहार से लैसनप का माथा लहूलुहान हो गया था। फिर लैसनर ने भी अंडरटेकर पर स्टील की सीढ़ियों से प्रहार किया और वह भी खून से लथपथ हो गए।
- **ब्रॉक लैसनर बनाम रोमन रेंस– WWE WrestleMania 31, 2014–** 2014 का यह वो दौर था जब लैसनर को दोबारा वापसी करे दो साल हो चुके थे। वहीं नए स्टार रोमन रेंस को कंपनी पुश कर रही थी। उसी बीच रेसलमेनिया 31 में दोनों का मैच फाइनल हुआ। उस मुकाबले में उम्मीद के मुताबिक लैसनर ने रोमन रेंस को खूब छकाया। इस मुकाबले में दोनों के बीच कांटे की टक्कर हुई। अंत में दोनों फाइटर्स लहूलुहान थे। व

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर प्रदेश टी-20

### भुवी की लखनऊ फाल्कन्स की नजर टूर्नामिंट की ट्रॉफी पर

## बोले- युवाओं के लिए है बड़ा प्लेटफॉर्म



**लखनऊ।** यूपी टी20 लीग 2026 का आगाज 14 अगस्त से होगा। लखनऊ फाल्कन्स के कप्तान भुवनेश्वर कुमार ने लीग को युवा खिलाड़ियों के लिए बड़ा प्लेटफॉर्म बताया। उन्होंने टीम की तैयारियों और इस बार ट्रॉफी जीतने की उम्मीद भी जताई। युवा खिलाड़ी आराध्य यादव ने भी सीनियर खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने को अपने करियर के लिए अहम बताया। यूपी टी20 लीग की शुरुआत 14 अगस्त 2026 से होगी। टूर्नामेंट के मुकाबले दो शहरों लखनऊ और कानपुर में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट से पहले लखनऊ फाल्कन्स के कप्तान भुवनेश्वर कुमार ने मीडिया से बातचीत की। (फोटो सोर्स– विशेष व्यवस्था) यूपी टी20 लीग का नया सीजन 14 अगस्त से शुरू होना है। इस बार लीग के मुकाबले दो वेन्यू लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम और कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के आगाज से पहले भारतीय टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और युवा खिलाड़ी आराध्य यादव ने लीग के महत्व और अपनी टीम 'लखनऊ फाल्कन्स' की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की।

**यूपी टी20 लीग युवा खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन अवसर–** लखनऊ फाल्कन्स के कप्तान भुवनेश्वर कुमार ने यूपी टी20 लीग को युवा प्रतिभाओं के लिए एक बड़ा प्लेटफॉर्म बताया। भुवनेश्वर कुमार ने कहा, ''यूपी टी20 लीग युवा खिलाड़ियों के लिए बेहद शानदार अवसर है। लीग में कई इंटरनेशनल खिलाड़ी खेल रहे हैं। युवा खिलाड़ियों को उनके साथ ड्रेसिंग रूम शेयर करने का मौका मिलता है'' भुवनेश्वर कुमार ने कहा, ''खिलाड़ी अपनी योग्यता और प्रदर्शन के दम पर आगे बढ़ सकते हैं।

### वैभव अर्धशतक से चूके, सार्थक रंजन ने लगाई हाफ सेंचुरी

### नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने न्यू दिल्ली टाइगर्स को हराया

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रीमियर लीग 2026 के 18वें मैच में सार्थक रंजन की कप्तानी वाली नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने न्यू दिल्ली टाइगर्स को 7 विकेट से हरा दिया। ये नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स की इस लीग में चौथे मैच में दूसरी जीत रही और इस टीम के फिलहाल 5 अंक हो चुके हैं। सार्थक रंजन को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया और वो इस सीजन में काफी अच्छा प्रदर्शन भी कर रहे हैं। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स और न्यू दिल्ली टाइगर्स



के बीच खेले गए मैच में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और इसके बाद न्यू दिल्ली टाइगर्स ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 161 रन बनाए। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को जीत के लिए 162 रन का टारगेट मिला था और इस टीम ने 19.1 ओवर में 3 विकेट पर 165 रन बनाकर मैच को जीत लिया।

**वैभव अर्धशतक से चूके, सार्थक ने लगाई हाफ सेंचुरी–** नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स के लिए पारी की शुरुआत करने वैभव कांडपाल और कप्तान सार्थक रंजन मैदान पर उतरे। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 70 गेंदों पर 102 रन की शतकीय साझेदारी हुई, लेकिन वैभव 36 गेंदों पर 41 रन बनाकर आउट हो गए और ये साझेदारी टूट गई। वैभव ने अपनी पारी के दौरान 2 छक्के और 3 चौके भी लगाए और वो अपने अर्धशतक के करीब आकर उससे चूक गए।

# अशिमता ने जीता कोरिया मास्टर्स

### बैडमिंटन फाइनल में चीन की खिलाड़ी को हराया; एक हफ्ते में भारत का दूसरा BWF खिताब



**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अशिमता चालिहा ने रविवार को कोरिया मास्टर्स सुपर 300 महिला सिंगल्स का खिताब जीता। 26 साल की अशिमता ने 53 मिनट चले फाइनल में चीन की चौथी सीड हान कियान शी को हराया। उन्होंने 14–21, 21–14, 21–14 से जीत दर्ज कर अपना पहला BWF वर्ल्ड टूर खिताब जीता। भारत ने लगातार दूसरा BWF वर्ल्ड टूर फाइनल का खिताब अपने नाम किया। इससे पहले तन्वी शर्मा ने 2 अगस्त को ताइपे ओपन जीता था।

### पहले गेम में हान ने बनाई बढ़त

अशिमता ने मैच की शुरुआत में 3–0 की बढ़त बनाई। वे शुरुआती दौर में 9–5 से आगे थीं। इसके बाद हान ने वापसी की और दोनों खिलाड़ी 11–11 की बराबरी पर पहुंच गईं। चीनी खिलाड़ी ने लगातार अंक जुटाकर खेल पर कंट्रोल बनाया। हान ने पहला गेम जीतकर बढ़त हासिल की।



### दूसरे गेम में अशिमता की वापसी

अशिमता ने दूसरे गेम में आक्रामक खेल दिखाया। उन्होंने स्मैश से हान पर दबाव बनाया और तेज डिफेंसिव रिटर्न से 6–6 के बाद बढ़त बना ली। ब्रेक के समय अशिमता 11–8 से आगे थीं। इसके बाद भी उन्होंने रैलियों पर नियंत्रण बनाए रखा। हान अंतर कम नहीं कर सकीं और अशिमता 17–10 से आगे हो गईं। भारतीय खिलाड़ी ने एक और तेज अटैकिंग शॉट के साथ गेम 21–14 से जीतकर मुकाबला बराबर कर दिया।

### तीसरे गेम में पिछड़ने के बाद की वापसी

अंतिम गेम की शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला रहा। अशिमता ने 5–2 की बढ़त बनाई, लेकिन मिड–गेम ब्रेक तक हान 11–9 से आगे निकल गईं। अशिमता ने वापसी करते हुए लाइन के किनारे शॉट लगाकर 12–11 की बढ़त बनाई। इसके बाद अशिमता गेम में लगातार आगे रहीं। उन्होंने हान के कोर्ट में खाली जगहों का फायदा उठाया और स्कोर 19–14 कर दिया। हान का रिटर्न बाहर जाने पर अशिमता को आखिरी पॉइंट मिला। इसके साथ ही उन्होंने चैंपियनशिप अपने नाम की।

### 2024 में अशिमता के घुटने की सर्जरी हुई थी

अशिमता को 2024 में कोरिया ओपन के दौरान दाएं घुटने में मेडियल मेनिस्कस में चोट लगी थी। इसके बाद उनकी सर्जरी हुई और लंबे समय तक रिहैबिलिटेशन किया। वह अगले साल फरवरी में वापस लौटीं और 14 टूर्नामेंट में खेलीं। उन्होंने ड्ढस्न्र टूर पर चाइना मास्टर्स और मलेशिया मास्टर्स में लगातार क्वार्टरफाइनल खेले। इसके बाद मकाऊ ओपन में सेमीफाइनल तक पहुंचीं।

# सरफराज खान 2 साल बाद भारतीय टीम में शामिल

- *चोटिल साई सुदर्शन की जगह मौका मिला, गॉल टेस्ट से पहले टीम से जुड़ेंगे*



**नई दिल्ली।** बैटर सरफराज खान को दो साल बाद टीम इंडिया में जगह मिली है। उन्हें श्रीलंका दौर पर चोटिल साई सुदर्शन की जगह शामिल किया गया। BCCI ने रविवार शाम को इसकी जानकारी दी। भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ गॉल में 15 अगस्त से पहला टेस्ट खेलेगी। सरफराज ने पिछला टेस्ट 2024 में वानखेड़े स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। वे अब तक 6 टेस्ट मैच ही खेल सके हैं।

- **सुदर्शन की रिकवरी पर अपडेट भी दिया–** ड्ढष्टष्टढ्ढ ने साई सुदर्शन की रिकवरी पर अपडेट भी दिया। साई सुदर्शन बेंगलुरु स्थित ड्ढष्टष्टढ्ढ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (ष्टश्व) में रिहैबिलिटेशन कर रहे हैं। वे अच्छी तरह ठीक हो रहे हैं। मेडिकल टीम उनकी रिकवरी पर लगातार नजर बनाए हुए है। साई सुदर्शन को पिछले महीने श्रीलंका–ए के खिलाफ दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट के दौरान पैर के अंगूठे में चोट लगी थी। उन्होंने उसी दौरे पर लगातार दो शतक जड़कर शानदार फॉर्म दिखाई थी।
- **प्लेयर्स की चोटों से जूझ रही है टीम इंडिया–** श्रीलंका दौरे से पहले ही भारतीय टीम कई चोटों से परेशान है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह घुटने की चोट के कारण पूरी टेस्ट सीरीज से बाहर हो चुके हैं।
- वॉशिंगटन सुंदर हैमस्ट्रिंग इंजरी के चलते पहला टेस्ट नहीं खेलेंगे। हर्षित राणा (हैमस्ट्रिंग), नीतीश कुमार रेड्डी (क्वाड्रिसेप्स) और आकाश दीप चोट) भी उपलब्ध नहीं हैं।
- **नेट्स के दौरान टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की दाएं हाथ की –** नामिका उंगली में चोट लगी थी। वे एहतियात के तौर पर वॉर्म–अप मैच के शुरुआती 2 दिन खेलने नहीं उतरे। हालांकि, तीसरे दिन वे यशस्वी जायसवाल के साथ ओपन करने उतरे और 44 रन बनाए।

### भारत की अपडेटेड टीम

शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मानव सुथार, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बरार, देवदत्त पडिक्कल, सारांश जैन, औकिब नबी और सरफराज खान।

# 'खिलाड़ी मशीन नहीं'

### फिट होने में समय लगता है- लक्ष्मण:कहा- इंजरी प्लेयर्स के करियर का हिस्सा, किसी को दोषी नहीं ठहरा सकते

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण ने खिलाड़ियों के धीरे फिट होने में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (ष्टश्व) को दोषी मानने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि क्रिकेटर मशीन नहीं है। ऐसा नहीं है कि हर बार वे जल्दी चोट से उबर जाएंगे। लक्ष्मण ड्ढष्टष्टढ्ढ के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रमुख हैं। उन्होंने रविवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि ष्टश्व और पुरुष-महिला दोनों टीमों के मैनेजमेंट के बीच शानदार तालमेल है। लक्ष्मण का बयान ऐसे टाइम पर आया है, जब देशभर में खिलाड़ियों के चोटिल होने पर सवाल उठ रहे हैं।



**लक्ष्मण ने कहा– ष्टश्व सिर्फ रिहैब सेंटर नहीं–** लक्ष्मण ने कहा- 'ष्टश्व सिर्फ रिहैब सेंटर नहीं है। क्रिकेटर्स को बेहतर बनाने में इसकी बड़ी भूमिका है। इसलिए चोट के लिए दोष शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहते, क्योंकि इससे किसी को बलि का बकरा बनाया जाता है।' लक्ष्मण ने कहा कि फिटनेस के नियम कड़े हैं। साथ ही सभी खिलाड़ियों के शरीर का नेचर भी अलग है। इस वजह से कोई खिलाड़ी तय समयसीमा में पूरी तरह फिट नहीं हो पाता। उन्होंने बताया कि चोट का पता होने से लेकर खिलाड़ी के फिट होकर जाने तक उसकी मॉनिटरिंग होती है। इसी के आधार पर उसका वर्कलोड बढ़ाया जाता है।

### लक्ष्मण बोले- चोट चिंता की वजह नहीं है

लक्ष्मण ने बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के लगातार चोटिल होने पर कहा– 'मुझे नहीं लगता कि यह चिंता का कारण है। जब कोई खिलाड़ी हाई लेवल पर खेलता है, तो उससे 100% से ज्यादा देने की उम्मीद होती है।' उन्होंने कहा– खिलाड़ियों की चोट को देखने का बाहरी दुनिया का नजरिया बदलना चाहिए। ष्टश्व के फिटनेस स्टाफ एड्रियन, निक और कमलेश काम कर रहे हैं।

### सीरीज से 3-4 हफ्ते पहले सिलेक्शन मीटिंग होती है

ड्ढष्टष्टढ्ढ सचिव देवजीत सैकिया ने सीरीज से पहले टीम का सिलेक्शन प्रोसेस समझाया। उन्होंने कहा कि टीम के रवाना होने से कम से कम 3 से 4 हफ्ते पहले मीटिंग होती है। इसलिए उस समय खिलाड़ी की सही स्थिति पता नहीं होती। इसी वजह से उसके नाम के आगे स्टार लगाया जाता है और स्क्वाड में रखा जाता है।

## यशस्वी ने डक पर आउट होने के बाद की शानदार वापसी

### श्रीलंका 11 के खिलाफ 2 छक्के 9 चौकों के साथ लगाया अर्धशतक

**नई दिल्ली।** भारतीय टेस्ट टीम के ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल दो मैचों की टेस्ट सीरीज से ठीक पहले लय में आ गए हैं और ये टीम इंडिया के लिए काफी सुखद खबर है। श्रीलंका इलेवन के खिलाफ तीन दिवसीय प्रैक्टिस टेस्ट मैच में यशस्वी जायसवाल पहली पारी में डक पर आउट हो गए थे, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने कमाल की वापसी की और टीम के लिए अर्धशतकीय पारी खेलकर रिटायर आउट हुए।



**यशस्वी जायसवाल ने लगाया अर्धशतक–** पहली पारी में असफल रहने के बाद यशस्वी ने कमाल की वापसी दूसरी पारी में की और उन्होंने काफी आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी की।

# सिराज ने तीन छक्के लगाकर भारत को जिताया

### वॉर्मअप में श्रीलंका को 6 विकेट से हराया; चोट से रिकवर हुए गिल के 44 रन

**नई दिल्ली।** भारत ने टेस्ट सीरीज से पहले वॉर्मअप मैच में श्रीलंका-11 को 6 विकेट से हरा दिया। मोहम्मद सिराज ने आखिरी ओवर में लगातार तीन छक्के लगाकर टीम इंडिया को जीत दिलाई। रविवार को मैच के आखिरी दिन भारत को जीत के लिए 16 रन चाहिए थे।

ऐसे में सिराज ने केशरा नुवंथा की शुरुआती तीन बॉल पर लगातार तीन छक्के लगाए। उंगली की चोट से लौट रहे कप्तान शुभमन गिल ने 44 रन की पारी खेली। उन्होंने यशस्वी जायसवाल के साथ 105 रन की साझेदारी की। कोलंबो में भारत को 207 रन का टारगेट मिला था। उसने दिन का खेल शुरु होने से पहले ही पहली पारी 357/6 के स्कोर पर घोषित की। श्रीलंका XI ने अपनी दूसरी पारी 200/6 के स्कोर पर घोषित की। श्रीलंका-XI ने पहली पारी में 363/8 का स्कोर बनाया था।

### भारत मैच जीतने के बाद भी क्यों खेला?

भारत के मैच जीतने के बाद भी खेल जारी रहा। अंपायर्स ने केशरा नुवंथा का ओवर पूरा कराया। सिराज ने ओवर की बची तीनों गेंद खेलीं। प्रैक्टिस मैच का रिजल्ट सीरीज या टूर्नामेंट की जीत-हार में नहीं जुड़ता। मैच का मकसद खिलाड़ियों को मैदान, पिच के लिहाज से तैयार कराना है। इसमें टीम अपनी प्लेइंग-11 में स्क्वाड में शामिल सभी 15 खिलाड़ियों को खिला सकती है। अगर टीम चाहे तो मैच जीतने के बाद भी वह पूरे तय ओवर तक बैटिंग खेल सकती है।



**नेट सेशन के दौरान गिल को चोट लगी थी–** वॉर्मअप मैच शुरू होने से एक दिन पहले गुरुवार को ट्रेनिंग के दौरान गिल की उंगली में चोट लगी थी। वे मैच के पहले दो दिन मैदान पर नहीं उतरे थे। उनकी गैरमौजूदगी में चरु राहुल ने कप्तानी की।

## मुजफ्फरपुर में पहली बार कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा, भक्तिमय हुआ माहौल

मुजफ्फरपुर (एजेंसी)। जिले में पहली बार कांवड़ियों पर हेलीकाप्टर से पुष्पवर्षा की गई। पहले सोमवार को सुबह सात बजे का समय तय किया था, लेकिन मौसम खराब होने और आसमान में बादल छाए रहने के कारण इसमें देरी हुई। करीब साढ़े आठ बजे हरिसभा चौक, रामदयालु, बाबा गरीबनाथ मंदिर, साहू पोखर और जिला स्कूल के समीप कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की गई। भक्ति में उत्साह का माहौल रहा। हर-हर महादेव के नारे से पूरा शहर गुंजायमान हो उठा। चारों तरफ भगवान शिव के जयकारे और बाबा गरीबनाथ की जय का उद्घोष सुनाई दे रहा था। बाबा गरीबनाथ धाम पर जलाभिषेक करने वाले कांवड़ियों के लिए ही नहीं बल्कि पूरे शहर के लिए यह एक अलौकिक अनुभूति थी। सड़कों पर असंख्य कांवड़ियों के साथ लोग अपने घरों के छत पर भी खड़े होकर इस ऐतिहासिक पल के गवाह बने। विदित हो कि पहलेजा घाट से जलबोझी कर बाबा गरीबनाथ मंदिर में जलाभिषेक करने की परंपरा दशकों पुरानी है। कांवड़ियों की सेवा कई प्रकार से जिला प्रशासन से लेकर अलग-अलग विभाग और सेवा दलों के द्वारा की जाती रही है, लेकिन यह पहला अवसर था जब पुष्पवर्षा की गई। कांवड़िया मार्ग में जिला प्रशासन की ओर से माइकिंग कर भी इसकी जानकारी दी गई थी। इससे कांवड़ियों में उत्साह का माहौल था। विदित हो कि उत्तराखंड और युपी समेत अन्य राज्यों में कांवड़ यात्रा के दौरान हेलीकाप्टर से भक्तों पर पुष्पवर्ष कराए जाने की परंपरा सालों से चली आ रही है, लेकिन बिहार में यह पहला मामला है जब कांवड़ियों पर आसमान से पुष्पवर्षा कराई गई।

## मुंबई में अवैध रूप से रह रहे 44 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों का पता चला

मुंबई (एजेंसी)। भारत में अवैध रूप से प्रवेश कर मुंबई के अलग-अलग इलाकों में रह रहे 44 बांग्लादेशी नागरिकों का वर्सोवा पुलिस ने पता लगाया है। पुलिस के अनुसार, चालू वर्ष में वर्सोवा और मुंबई के विभिन्न हिस्सों में की गई कार्रवाई के दौरान इन लोगों की पहचान की गई। यह कार्रवाई उत्तर प्रादेशिक विभाग के उत्तर परिमंडल-1 के अंतर्गत आने वाले वर्सोवा पुलिस थाने की आतंकवाद विरोधी टीम ने की। पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में सामने आया कि संबंधित लोगों ने वैध अनुमति या आवश्यक दस्तावेजों के बिना सीमा पार कर भारत में प्रवेश किया और इसके बाद मुंबई के विभिन्न इलाकों में रह रहे थे। पुलिस अब इनके भारत में प्रवेश और यहां रहने से संबंधित दस्तावेजों की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अवैध घुसपैठ से जुड़ी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए वर्सोवा पुलिस की आतंकवाद विरोधी टीम ने जानकारी जुटाई। इसके बाद मुंबई के अलग-अलग इलाकों में जांच और दस्तावेज सत्यापन अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई के दौरान 44 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों का पता लगाया गया। पुलिस ने उनके पहचान दस्तावेजों, भारत में रहने की अनुमति और देश में प्रवेश से संबंधित कागजात की जांच शुरू की है। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## छात्र प्रदर्शन पर सियासत गर्म : सीजेपी प्रवक्ता को पाखंडी कहने पर बवाल

रांची (एजेंसी)। झारखंड की राजधानी रांची में छात्र अपनी परीक्षाओं में धांधली के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं। दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शनों को सफल बनाने वाली कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के बड़े नेता अभी तक रांची नहीं पहुंचे हैं, हालांकि एआईएसए की नेहा बोरा वहां मौजूद हैं। इस बीच, सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने छात्रों के समर्थन में वीडियो साझा किया, जिसमें रांची में मार्च निकालते हजारों छात्र दिख रहे हैं। इस पोस्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कट्टर समर्थक और बीजेपी के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने तीखा तंज कसा। पूनावाला ने सौरव दास को दोमुंहे, सुविधा-संपन्न पाखंडी कहकर सवाल किया कि क्या वे जीके1 से ही समर्थन कर रहे हैं?। यह बयान तब आया है जब रांची में छात्र विधानसभा का घेराव करने के लिए सड़कों पर उतरे हैं। शहजाद पूनावाला बीजेपी छोड़ने के बाद भी लगातार पीएम मोदी के पक्ष में सोशल मीडिया पर पोस्ट करते रहते हैं। सौरव दास ने अपने वीडियो में शाम के समय छात्रों के शांतिपूर्ण मार्च को दर्शाया था, जिस पर यह विवाद छिड़ा है।

## पीएम मोदी-सीएम योगी की तस्वीरों से सजाई कांवड़ बनी आकर्षण का केंद्र

### -हापुड़ में लोगों ने किया फूल-मालाओं से शिवभक्तों का स्वागत, बरसाए फूल

हापुड़ (एजेंसी)। श्रावण मास में हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे कावड़ियों की आस्था के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। बुलंदशहर जिले के आवास विकास क्षेत्र के रहने वाले शिवभक्तों की एक भव्य कांवड़ आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। कांवड़ को पीएम मोदी और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ की तस्वीरों और कटआउट से विशेष रूप से सजाया गया है। हरिद्वार से गंगाजल लेकर



बुलंदशहर लौट रहे शिवभक्तों का जत्था रविवार को हापुड़ शहर में पहुंचा। कांवड़ पर सजी तस्वीरों को देखने लोगों की भीड़ जुट गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कांवड़ की सजावट और श्रद्धालुओं के उत्साह ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। हापुड़ में प्रवेश करते ही लोगों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। लोगों ने कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की। बुलंदशहर के रहने वाले शिवभक्तों ने कहा कि कांवड़ यात्रा केवल गंगाजल लाने की धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आस्था और संस्कारों से जुड़ी यात्रा है। कांवड़ पर पीएम मोदी और सीएम योगी की तस्वीरें लगाने का उद्देश्य आध्यात्म के साथ देश और प्रदेश के प्रति सम्मान की भावना को प्रदर्शित करना है। शिवभक्तों ने कहा कि उनके लिए आध्यात्म और देशभक्ति अलग-अलग नहीं, बल्कि एक-दूसरे से जुड़ी भावनाएं हैं।

# जब तक किरोड़ी लाल के शरीर में जान है, कोई आरक्षण को छू भी नहीं सकता

### -राजस्थान के कृषि मंत्री ने आदिवासी महोत्सव में आरक्षण का किया समर्थन



**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने एक आदिवासी महोत्सव में आरक्षण का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि जब तक मैं जीवित हूं तब तक आरक्षण को खत्म नहीं किया जा सकता है। मीणा ने आरक्षण खत्म करने की अटकलों को खारिज कर दिया और कहा कि जब तक किरोड़ी लाल के शरीर में जान है, कोई आरक्षण को छू भी नहीं सकता। मंत्री ने आदिवासी युवाओं से नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने और सामाजिक बुराइयों से लड़ने के लिए मिलकर काम करने की अपील भी की।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कार्यक्रम के दौरान मीणा के राजनीतिक जीवन और संघर्षों पर आधारित एक किताब भी लॉन्च की गई। किरोड़ी लाल मीणा ने अपने राजनीतिक सफर के बारे में बात करते हुए बताया कि उन्होंने करीब 600 आंदोलनों में हिस्सा लिया है, 17 बार जेल गए हैं और 138 कानूनी मामलों का सामना किया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी लड़ाई जारी रहेगी। मीणा ने उन हालात का भी जिक्र किया जिनकी वजह से पंच अठाई को मीणा हाई कोर्ट के नाम से जाना जाने लगा। उन्होंने पंचायत से जुड़े एक विवाद का जिक्र किया, जब लगभग 50,000 लोगों की भीड़ दौसा की ओर मार्च कर रही थी, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं।

मीणा के मुताबिक जब भीड़ कई किलोमीटर आगे बढ़ गई, तो प्रशासन ने 14 गांव के बुजुर्गों या पंचों को बुलाया और उन्हें भीड़ के हवाले कर दिया। उन्हें आज भी समझ नहीं आता कि प्रशासन ने ऐसा फैसला क्यों किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनता की शक्ति ही सर्वोपरि है और बताया कि इसी संघर्ष ने पंच अठाई को मीणा हाई कोर्ट की पहचान दिलाई। पंचना बांध से पानी का मुद्दा उठाते हुए मीणा ने लंबे संघर्ष के बाद पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के अपने प्रयासों का जिक्र किया। उन्होंने यह भी बताया कि चंबल नदी का पानी दौसा लाने का काम चल रहा है।

पुरानी घटना को याद करते हुए उन्होंने कहा कि 1985 में उनकी जान जा सकती थी, लेकिन ईश्वर की कृपा से वे बच गए। इस दौरान छात्राओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए, जबकि सरकारी कॉलेज के छात्रों ने मीणा संस्कृति को दर्शाने वाले कार्यक्रम पेश किए। मध्य प्रदेश के आदिवासी बच्चों ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, और स्टंट प्रदर्शन कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे।

## एफसीआरए बिल पर कांग्रेस का कड़ा रुख : बताया ईसाई विरोधी

नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद के मानसून सत्र में सरकार द्वारा विदेशी अंशदान नियमन अधिनियम (एफसीआरए) में संशोधन के लिए नया बिल लाने की चर्चा के बीच, कांग्रेस ने इसका पुरजोर विरोध कर रही है। कांग्रेस ने प्रस्तावित एफसीआरए बिल को ईसाई विरोधी बताया है। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि यह विधेयक देश में काम कर रहे अल्पसंख्यक संगठनों, विशेषकर ईसाई समुदायों द्वारा संचालित दूर-दराज के ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में चल रहे स्कूलों और अस्पतालों को बुरी तरह प्रभावित करेगा। कांग्रेस सांसद हिबी ईडन ने चिंता जाहिर की है कि नए नियमों के तहत जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) या उप-जिला मजिस्ट्रेट (एसडीएम) को उल्लंघन के आरोप में किसी भी संस्था की संपत्ति पर कब्जा करने का अधिकार मिल जाएगा, जिसमें पुराने मामले भी शामिल है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अगर मोदी सरकार जल्दबाजी में बिल लाती है, तब उनका यह सपना पूरा नहीं होने दिया जाएगा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस केवल एक विधायी मुद्दा नहीं, बल्कि अल्पसंख्यक वोटर्स को अपने पाले में लाने का एक बड़ा मौका मान रही है। केरल और पूर्वोत्तर के राज्यों के अलावा आंध्र प्रदेश और पंजाब जैसे राज्यों में भी ईसाई आबादी का एक बड़ा हिस्सा है, कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर एकजुट करने की उम्मीद कर रही है। इससे पहले बजट सत्र के दौरान भी कांग्रेस ने इसी मुद्दे पर हंगामा किया था। समाजवादी पार्टी ने भी बिल का विरोध करने का मन बनाया है और अपने सांसदों को संसद में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के लिए पत्र जारी किया है, जिससे यह साफ है कि विपक्ष इस मुद्दे पर एकजुट होकर एनडीए की घेराबंदी करेगा। दरअसल एफसीआरए एक ऐसा कानून है जो भारत में गैर-सरकारी संगठनों और धार्मिक निकायों द्वारा विदेशी फंडिंग के उपयोग को नियंत्रित करता है।

## कश्मीर में हर घर तिरंगा अभियान शुरू, 17 तक चलेगा, तिरंगे में रंगी घाटी

### -देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों में छात्र-छात्राओं ने लिखा भाग



**श्रीनगर (एजेंसी)।** कश्मीर संभाग क्षेत्र में हर घर तिरंगा अभियान-2026 और राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के जश्न की शुरुआत हुई। देशभक्ति, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों से भरपूर यह अभियान 17 अगस्त तक चलेगा। अनंतनाग में आयोजित समारोह में डिप्टी कमिश्नर डा. बिलाल मोहिउद्दीन भट मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में ज़िला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, विभागों के अधिकारी, नागरिक, युवा स्वयंसेवक और बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शोपियां में गवर्नमेंट गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में एक बड़ा कार्यक्रम हुआ। इस अभियान में लोगों की भारी भागीदारी देखी गई। अलग-अलग क्षेत्रों के लोग तिरंगे के प्रति सम्मान व्यक्त करने और देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने के लिए एक साथ आए।

स्कूलों और संस्थानों ने भी इस अभियान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाई। इस मौके पर शोपियां के एडिशनल डिप्टी कमिश्नर डा. ज़ाकिर हुसैन नागरिकों व देश के बीच के रिश्ते को मजबूत करने में हर घर तिरंगा पहल के महत्व पर ज़ोर दिया।

कुपवाड़ा में अलग-अलग जगहों पर बड़ी रैलियां निकाली गईं जिनमें स्कूलों और कालेजों के छात्र, यूथ सर्विसेज़ एंड स्पोर्ट्स और सोशल वेलफेयर विभागों के अधिकारी, सुरक्षा बल के जवान और आम लोगों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। त्राल में एक बड़ी तिरंगा रैली हुई। इस रैली में तिरंगे के नीचे एकता, देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव का शानदार नज़ारा देखने को मिला जिसमें समाज के हर वर्ग के लोग शामिल हुए।

पुलवामा के डिप्टी कमिश्नर डा. बशारत कय्यूम की अगुवाई में हुई इस रैली में त्राल के विधायक रफीक अहमद नाइक, अवंतीपोरा के एसएसपी सज्जाद अहमद शाह, त्राल के एडीसी साजिद शामिल हुए। इसमें नागरिकों ने भी पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। गांदरबल ज़िले में आयोजित कार्यक्रमों में छात्रों, युवाओं, सरकारी कर्मचारियों और आम लोगों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। छात्रों ने देशभक्ति गीत पेश किए। जिससे राष्ट्रीय गर्व और सामूहिक भागीदारी का माहौल बना। ज़िले में अलग-अलग जगहों पर तिरंगा रैलियां भी निकाली गईं।

### -ममता बनर्जी के काफिले पर हमले पर सियासत तेज

## मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी बोले- जनता के गुस्से का नतीजा



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के हलीशहर में तृणमूल कांग्रेस के मृत कार्यकर्ता के परिजन से मिलने जा रहीं ममता बनर्जी के काफिले के विरोध को लेकर सियासत तेज हो गई है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को दावा किया कि विरोध प्रदर्शन भारतीय जनता पार्टी के किसी कार्यकर्ता ने नहीं किया, बल्कि यह जनता के भारी गुस्से का नतीजा था। उन्होंने कहा कि मौके पर न तो भाजपा का कोई कार्यकर्ता मौजूद था और न ही पार्टी का झंडा दिखाई दिया। हलीशहर जाते समय प्रदर्शनकारियों ने ममता बनर्जी के वाहन को घेर लिया और उनके खिलाफ नारेबाजी की। आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने उनकी कार पर कीचड़, जूते और पत्थर भी फेंके। ममता बनर्जी उस तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता के परिवार से मिलने जा रही थीं, जिसकी कथित तौर पर पुलिस हिरासत में मौत हुई थी।

शुभेंदु अधिकारी ने घटना में भाजपा की किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार करते हुए ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के खिलाफ लोगों में नाराजगी है और इसी वजह से उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। अधिकारी ने आरजी कर मामले की पीड़िता को लेकर भी ममता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि ममता को पीड़िता के परिवार से मिलकर माफी मांगनी चाहिए थी। अधिकारी ने कहा कि पीड़िता की मां हालिया विधानसभा चुनाव में भाजपा विधायक चुनी गई हैं। उन्होंने ममता बनर्जी से सवाल किया कि वह पीड़िता की दूसरी बरसी पर उसके परिवार से मिलने क्यों नहीं गईं। ममता बनर्जी ने अपने काफिले पर हुए विरोध के लिए भाजपा समर्थकों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि दिवंगत तृणमूल कार्यकर्ता के परिवार को भाजपा समर्थकों की ओर से धमकाया जा रहा था। ममता ने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राज्य सरकार के इशारे पर पुलिस बल का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने ममता बनर्जी के काफिले पर कथित हमले की निंदा की। उन्होंने भाजपा पर राज्य में अराजकता और भय का माहौल पैदा करने का आरोप लगाया और इसे बदले की राजनीति का गंभीर उदाहरण बताया। घटना के बाद पश्चिम बंगाल की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं। जहां भाजपा इसे जनता के आक्रोश से जोड़ रही है, वहीं ममता बनर्जी और विपक्षी दल इसे राजनीतिक हिंसा और बदले की कार्रवाई बता रहे हैं।

## अरुणाचल पर चीन का 'नक्शा विस्तारवाद' : पूर्व विदेश सचिव भड़के

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के पूर्व विदेश सचिव कंवल सिबल ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के निरंतर दावों और भारतीय स्थानों को बार-बार काल्पनिक नाम देने की उसकी रणनीति पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। सिबल ने चीन की इस हरकत को 'कार्टोग्राफिक टेरिटोरियल एक्सपैंशनिज्म' यानी नक्शों के जरिए क्षेत्रीय विस्तारवाद बताया है। उन्होंने कहा कि चीन मनगढ़ंत नाम देकर अपने दावों को मजबूत करने की कोशिश करता है। पूर्व विदेश सचिव सिबल ने भारत द्वारा अरुणाचल प्रदेश के 27 स्थानों और भौगोलिक विशेषताओं के नाम आधिकारिक तौर पर तय करने को चीन की इस विस्तारवादी नीति का करारा जवाब बताया। उन्होंने भारत के सर्वे ऑफ इंडिया के आधिकारिक नक्शों को अपडेट करने और स्थानों को मानकीकृत करने का सीधा परिणाम बताया।

पूर्व विदेश सचिव सिबल ने तिब्बत का जिक्र किया। उन्होंने याद दिलाया कि भारत ने चीनी सेना के तिब्बत पर कब्जे को स्वीकार किया था, लेकिन इसके बावजूद चीन संतुष्ट नहीं है और अब वह भारत के साथ लगते अतिरिक्त इलाकों पर दावा कर रहा है। पूर्व विदेश सचिव सिबल ने कहा कि तिब्बत पर नियंत्रण के बाद चीन पहली बार सीधे भारत के साथ सटा और तभी से वह भारतीय क्षेत्र पर अपनी नज़र गड़ाए हुए है। उन्होंने चीन की क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं को केवल भारत तक सीमित न मानते हुए छोटे देश भूटान का भी उल्लेख किया, जिसे चीन ने अपने क्षेत्रीय दावों से नहीं बख्शा है।

यह बयान तब आया है जब चीनी विशेषज्ञों ने अरुणाचल प्रदेश के 27 स्थानों के नाम तय करने के भारत के फैसले पर आपत्ति जताई है। चीनी पक्ष ने भारत के इस कदम को 'खुद को भ्रम में रखने वाला' बताया है और चेतावनी दी है कि इससे दोनों देशों के संबंधों में सुधार की कोशिशें बाधित हो सकती हैं, साथ ही सीमा विवाद सुलझाने की प्रक्रिया भी मुश्किल हो सकती है। हालांकि, सिबल का मानना है कि भारत का यह कदम चीन की विस्तारवादी नीति के विरुद्ध एक ठोस और आवश्यक प्रतिक्रिया है।

## 2 सितंबर को राम मंदिर ट्रस्ट की बैठक में नए सीईओ की होगी नियुक्ति

### पूर्णकालिक महासचिव पर भी बनेगी सहमति, फिर होगी छंटनी और नई नियुक्ति



**अयोध्या (एजेंसी)।** राम मंदिर में अब श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सीईओ की प्रतीक्षा होने लगी है। 2 सितंबर को प्रस्तावित ट्रस्ट की बैठक में नए सीईओ की नियुक्ति हो सकती है। इसी बैठक में ट्रस्ट को पूर्णकालिक महासचिव का भी चयन किया जाएगा। यही कारण है कि अंतरिम महासचिव कृष्ण मोहन ट्रस्ट कर्मियों का आंतरिक स्थानांतरण करके और लगातार निगरानी बढ़ाकर मंदिर की कई व्यवस्थाओं का संचालन तो करा रहे हैं, लेकिन अभी किसी की नई नियुक्ति या छंटनी नहीं की है।

हालांकि यह अवश्य है कि अंदरखाने पूर्व पदाधिकारियों के करीबियों व रिश्तेदारों को चिह्नित कर लिया गया है। चढ़ावे की धनराशि में चोरी सामने आने और दो ट्रस्टियों के त्यागपत्र के बाद ट्रस्ट कर्मियों और सेवादारों में बड़ी हलचल है। एसआइटी और पुलिस जांच जारी रहने से कई कर्मचारी काम तो कर रहे हैं, लेकिन उनमें भय है। इनमें अधिकांश ऐसे कर्मी हैं, जिनकी नियुक्तियां पूर्व पदाधिकारियों ने ही की थी। सूत्रों का कहना है कि ज्यादातर नियुक्तियां पूर्व पदाधिकारियों की ही सिफारिश पर होने के कारण अभी किसी को निकाला नहीं जाएगा।

माना जा रहा कि अचानक बड़ी संख्या में कर्मियों की छंटनी से मंदिर की व्यवस्थाओं के संचालन की मुश्किल खड़ी हो जाएगी। यही वजह है कि 2 सितंबर की बैठक का इंतजार किया जा रहा है। बैठक में सीईओ और पूर्णकालिक महासचिव के नाम पर सहमति बन जाएगी, तो महासचिव के निर्देशन में नए सीईओ अपने मुताबिक कई पदों पर नियुक्तियां करेंगे। सहयोगी के रूप में अपना अलग स्टाफ रखेंगे, जिससे मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को पर्याप्त सुविधाएं प्रदान की जा सकें और व्यवस्थाओं का सुचारू ढंग से संचालन हो सके। एक पदाधिकारी ने बताया कि आगामी बैठक में ही ट्रस्ट के प्रवक्ता और सचिव की भी नियुक्ति होगी। इसके साथ चयन समिति की ओर से प्रस्तुत तीन नामों के पैनल पर विचार-विमर्श कर मुख्य कार्यकारी अधिकारी और किसी ट्रस्टी को पूर्णकालिक महासचिव का पद भी दिया जाएगा।

## पहले रविदासजी के गुरुघर पर बुलडोलर चलाया अब उनके नाम पर कर रहे राजनीति

### -मायावती ने समाज को बीजेपी और आप की राजनीति से सतर्क रहने की अपील की



**लखनऊ (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने संतगुरु श्री रविदास के तुगलकाबाद स्थित गुरुघर को 2019 में ढहाए जाने और इसके विरोध में हुए आंदोलन का मुद्दा उठाते हुए बीजेपी और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पंजाब चुनाव नजदीक आते ही बीजेपी संतगुरु श्री रविदासजी के नाम पर कलश यात्रा निकालकर समाज को उनके बेगमपुरा के लक्ष्य से भटकाने की कोशिश कर रही है। मायावती ने समाज को बीजेपी और आप की राजनीति से सतर्क रहने की अपील करते हुए संत रविदासजी के सम्मान, समानता और न्याय के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। मायावती ने एक्स पर लिखा- जैसा कि विदित है कि 10 अगस्त 2019 को दिल्ली के तुगलकाबाद में संतगुरु श्री रविदासजी के पवित्र गुरुघर को बुलडोजर और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में ढहा दिया गया। इसके विरोध में देशभर की संगत जब लोकतांत्रिक ढंग से सड़कों पर उतरी तो तब उन्हें लाठीचार्ज, आंसू गैस, गिरफ्तारियां और मुकदमों आदि का सामना करना पड़ा। काफी लोगों को जेल भी जाना पड़ा। मायावती ने कहा कि गुरुघर की भूमि भी छीन ली गई और आज भी संगत को लोहे के अस्थायी टीन शेड में अपने गुरुजी को माथा टेकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। यह स्थिति करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत करती है और आज भी समाज की स्मृति में अंकित है। उन्होंने लिखा- अब पंजाब चुनाव नजदीक आते ही वही बीजेपी रविदासजी के नाम पर कलश यात्रा निकालकर गुरुजी के बेगमपुर शहर के लक्ष्य से समाज को भटाकने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे में समाज बीजेपी और आम आदमी पार्टी की राजनीति से सतर्क रहें। पराधीनता का अंत और बेगमपुरा का संकल्प संतगुरु श्री रविदासजी सम्मान यात्रा जो तुगलकाबाद से धलेता गांव तक पहुंच रही है, जिसमें समूह संगत सादर आमंत्रित हैं।

# भारत ने 4,800 बांग्लादेशियों को किया डिपोर्ट, ढाका कह रहा- सिर्फ 73 ही आए

### - सीमा पर अवैध घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई के आंकड़ों में बड़ा अंतर




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-बांग्लादेश सीमा पर अवैध घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर भारत-बांग्लादेश के आंकड़ों में बड़ा अंतर सामने आया है। भारत की ओर से जहां पश्चिम बंगाल में बीजेपी सरकार बनने के बाद करीब 4,800 लोगों को डिपोर्ट किए जाने का दावा किया गया है, वहीं बांग्लादेश का कहना है कि 2026 में अब तक उसने केवल 73 लोगों को ही स्वीकार किया है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि दोनों देशों के आंकड़ों में इतना अंतर क्यों और बाकी लोगों को कहां रखा गया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कोलकाता से करीब 90 किलोमीटर दूर हाकिमपुर चेकपोस्ट पर सीमा सुरक्षा बल द्वारा वाहनों को रोककर दस्तावेज और पहचान पत्रों की जांच की जा रही है। हालांकि, सीमा पर बांग्लादेश जाने वाले लोगों की कोई बड़ी भीड़ दिखाई नहीं दे रही है। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक पकड़े गए संदिग्ध लोगों को सीधे सीमा पर नहीं लाया जाता, बल्कि पहले होल्डिंग सेंटर भेजा जाता है। हाकिमपुर चेकपोस्ट पर तैनात एक बीएसएफ अधिकारी ने बताया कि कार्रवाई शुरू होने के शुरुआती दौर में सीमा पर काफी भीड़ थी। उस समय सप्ताह में करीब 10-15 बांग्लादेशियों को वापस भेजे जाने की बात कही गई, लेकिन अब कई-कई सप्ताह तक कोई व्यक्ति डिपोर्टेशन के लिए सीमा पर नहीं पहुंचता है।

अधिकारी के मुताबिक सरकार बदलने के बाद एक समय करीब 200 लोगों को सीमा के रास्ते वापस भेजा गया था। वहीं अन्य लोगों को उत्तर 24 परगना जिले में बनाए गए तीन अस्थायी होल्डिंग सेंटरों में भेज दिया गया। हाकिमपुर के अलावा पेट्रापोल और महदीपुर चेकपोस्ट पर भी इसी तरह की स्थिति नजर आई। वहां बांग्लादेश जाने वाले लोगों की कतारें या बड़ी भीड़ नहीं मिली। अधिकारियों के मुताबिक इसका एक प्रमुख कारण प्रक्रिया में बदलाव है। अब कार्रवाई के बाद लोगों को सीधे बॉर्डर पर लाने के बजाय पहले होल्डिंग सेंटर में रखा जाता है। वहां उनकी पहचान और अन्य कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाती है। इसके बाद ही उन्हें सीमा तक ले जाकर डिपोर्टेशन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाती है। जानकारी के मुताबिक राज्य में बनाए गए 11 होल्डिंग सेंटरों में 300 से ज्यादा लोग रखे गए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक आंकड़ों को लेकर विवाद तब और बढ़ा जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 28 मई को दावा किया था कि सरकार बनने के बाद रोजाना 5,000 से 10,000 बांग्लादेशी वापस जा रहे हैं। इसके बाद 8 जून को सीएम सुवेंदु अधिकारी ने करीब 4,800 लोगों के डिपोर्ट किए जाने की बात कही थी। इसके विपरीत बांग्लादेशी अधिकारियों के आंकड़े इन दावों से काफी अलग हैं। ढाका का कहना है कि 2026 में अब तक केवल 73 लोगों को ही स्वीकार किया गया है। 4,096 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पर दोनों देशों के आंकड़ों में यह अंतर अब जांच और राजनीतिक बहस का विषय बन गया है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com